इसी तरह से ऐक्वायर्ड प्रापर्टी के बारे में जो आपका क्राइटीरियन था कीमत को मालूम करने का वह भी बहुत नाकिस था और उसके बारे में मैंने एक एमेंडमेंट भी पेश किया है। मुझे मालूम है कि किराया कुछ एक दो साल से बढ़ गया है अगर २० रुपये था वह ४० रुपये हो गया है। मुझे यह शिकायत नहीं है कि यह बढ़ा क्यों है। मुझे जो शिकायत है वह यह है कि इसे तीन साल के हिसाब से क्यों वसूलन चाहते हैं, आप सन् १९४७ से देखिये, पिछले आठ बर्षों के हिसाब से देखिये। आप सैलिंग वैल्यू का एवरेज तीन साल को लेकर क्यों निकालते हैं आप आठ साल के हिसाब से निकालिये। आप क्यों तीन साल का एवरेज देखना चाहते हैं। मैं जानता हूं जो एमेंडमेंट का हशर होता है, जो उनका फेट होता है। लेकिन मैं प्रार्थना करता हूं कि अगर वह आपके दिल को अपील करे तो आप जरूर उसको एकसेप्ट करें। अगर ऐसा किया गया तो मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इससे बहुत ज्यादा लोग फायदा उठा सकेंगे। जो वायदे किये जाते हैं उनको तो जरूर ही पूरा किया जाना चाहिये। जैसे चांसलर का फुट होता है, मुझे कहते हुये शर्म आती है, कई बार मिनिस्टर्ज का वैत्रे ही फुट होता है। इस वास्ते मैं कहता हूं कि जो वायदे होवे हैं उनको पूरा करने के लिये आप बाउंड होते हैं और अगर आपने उनको पूरा नहीं किया तो लोगों का आप पर से विश्वास उठ जायेगा। इतना कह कर मैं इस बात को खत्म करता हूं।

अब दूसरी बात की तरफ आता हूं। एक एमेंडमेंट दिया गया है जिस में लिखा है कि मुख्तलिफ वक्तों पर जो-जो वायदे आनरेबल मिनिस्टर्ज ने किये हैं और गवर्नमेंट आफिसर्ज ने किये हैं उन वायदों को पूरा किया जाये। मैंने देखा है कि मिनिस्टर साहिबान और अफसरान जैसा मौका देखते हैं वैसी ही बात कर देते हैं। जब वे देखते हैं कि कोई ठीक बात अगर साफ साफ कह दी गई तो लोगों को तकलीफ होगी, इसलिये वे वैसी बात हो कह देते हैं जिस से कि लोगों को फायदा हो, उनको तसल्ली हो और यह नजर आये कि उनके साथ जरूर इनसाफ होगा। बदकिस्मती की बात यह है कि ऐसी बातें जो अफसरान या मिनिस्टर साहिबान कहते हैं उसका कोई भी रिकार्ड आपके पास नहीं है। मैं यह नहीं कहता हूं कि आपने जो वायदे इस तरह से किये हैं उनसे आप फिर जायेंगे, यह बात मैं हर्गिज भी कहने के लिये तैयार नहीं हूं और न ही मैं ऐसी बात कह सकता हूं। हां इतना जरूर है कि गलती हो सकती है और वह ऐसी गलती हो सकती है जिसको शायद दुरुस्त भी किया जा सकता है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप इस किस्म की जो गलतियां हुई हैं उनको दुरुस्त भी करेंगे।

अगर आपने इन एशोरेंसिस को जो की आपने जबानी दिये हैं पूरा न किया तो लोगों के दिलों में एक खयाल पैदा होगा कि आप फ़िज़ूल बात ही करते हैं और उनका विश्वास आप पर से उठ जायेगा। मैं इस सिलसिले में गंगानगर को मिसाल देना चाहता हूं। यह बहुत पहले की बात नहीं है, सिर्फ एक साल की ही बात है। मेरे पास वह लोग आये और उन्होने इसी के बारे में मेरी सलाह पूछी। उन्होंने कहा कि हम को यह हुक्म डिपार्टमेंट की तरफ से मिला है आप ही बताओ हम क्या करें। मैं ने उन्हें कहा कि जैसे डिपार्टमेंट कहता है आप वैसे ही करो। मेरी हैरानगी की इंतहा न रही जब मैं ने रूल्स में यह पढ़ा कि आप उनसे रुपया वसूल करना चाहते हैं। आप इस केस को अच्छी तरह से जानते ही हैं, मैं इस के बारे में और ज्यादा क्या कहूं। क्या मैं अब आप से यह कहूं कि आप ने अपना वायदा तोड़ दिया है। मैं उम्मीद नहीं करता था कि ऐसा होगा। अब आपका एक नोटिफिकेशन है आप की चिट्ठी में भी उसका ज़िक्र है, उसके बारे में मैं आपसे कहता हूं कि अगर आप तलाश करेंगे तो आपको भी मिल जायेगा और इस को ढूंढने में कोई दिक्कत नहीं होगी। इस वास्ते मेरी आप से प्रार्थना है कि जो एमेंडमेंट मैंने दी है उसको आप कबूल फरमायें।

इसके अलावा आप ने मुझे एक मुसीबत में और फंसा रखा है। आपका जो एडवाइज़री बोर्ड है आपने मुझे उसका मेम्बर मुकर्रर किया है। हमारे पास वहां पर हज़ारों दरख्वास्तें आई, सहारनपुर से, मेरठ से और न जाने कहां कहां से। लोगों ने कहा कि फलां जगह पर फलां मिनिस्टर ने, फलां अफसर ने फलां वायदा किया था उसको पूरा नहीं किया है। कई लोग हमारे को आकर मिले भी। इन दरख्वास्तों के अन्दर हम तो जा नहीं सकते थे और न हम उनका कोई हल ही ढूंढ़ सकते थे लेकिन आपको कहता हूं कि आप ने जो वायदे किये हैं उनको आप को निभाना चाहिये, फेथफुल्ली उन पर कायम रहना चाहिये। अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह एक बहुत भारी बेइंसाफी होगी और आप के नाम पर बट्टा लगेगा।

आप ने एक तरफ तो इंसाफ कर दिया और कह दिया कि १०,००० रुपये तक के जो मकान हैं उनमें जो लोग रह रहे हैं, वे इन मकानों के अन्दर ही रहेंगे लेकिन पहले वायदे के खिलाफ २ किस्तें कर दी इसी तरह से राजपुरा के लोगों के साथ वायदा किया गया था कि इतने पैसे लेंगे और यह करेंगे और वह करेंगे। मुझे उम्मीद है कि गवर्नमेंट उस पर अब भी कायम है।

इस के अलावा यह जो कालोनीज हैं उनके बारे में मेरे पास आपकी १९५४ की एक लेटर है। आपने पहले यह वायदा दिया था कि यह जो टेनेमेंटस हैं या जो हाउसिस हैं यह किन को देंगे, चार बरस से ज्यादा की इंस्टालमेंट नहीं होगी, इतना पहले लिया जायेगा और इतना इंस्टालमेंटस में लिया जायेगा। आप अपने रिकार्ड को देखें और जो वायदे आप दे चुके हैं उनके बाहर आप नहीं जा सकते। लेकिन अब जो रूल्ज़ बनाये जा रहे हैं वे उन वायदों से मेल नहीं खाते जो कि आप ने दिये थे। इसलिये मैं कहता हूं कि ऐसा न हो कि आप उन पर अमल न करें और लोगों का आप पर से विश्वास उठ जाये।

अब मैं जो सब से सीरियस बात है और जिस के बारे में मैंने कल भी ज़िक्र किया था और आज फिर मैं बड़े अदब से अर्ज करना चाहता हूं और अगर आप चाहें तो आप उसकी तसदीक भी करवा लें और

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

यह है कि सन् १९५० में जों बिल आया था वह सिर्फ १५ या २० मिनट के अन्दर पास हो गया था। उसके अन्दर लिखा था कि सेंट्रल गवर्नमेंट इंडिकेट करे कि किस क्लास आफ प्रापर्टी की मुआवजा मिल सकेगा। जब वह बिल रखा गया तो श्री मोहन लाल जी ने कहा था कि वह जितने भी क्लेम्ज़ हैं उन को वेरिफाई किया जायेगा और इसी तरह की और बातें भी कहीं। मैंने उसमें एक एमेंडमेंट भी पेश की थी जो कि मंजूर कर ली गई और मैंने कहा था कि अच्छी बात है लेकिन एक बात आप जरूर कीजिये और वह यह कि जितनी भी दरख्वास्तें वेरिफिकेशन की आयें उसके अन्दर आप तबदीली न करें अगर वह सही है और अगर सही न हों तो उनकी गवाही आप को लेनी चाहिये।

उसमें जितने भी एमेंडमेंट्स पेश किए गए, वे सब मन्जूर कर लिए गए। बीस मिनट में फर्स्ट रीडिंग, सैकिंड रीडिंग, थर्ड रीडिंग और सब एमेंडमेंट्स खत्म हो गए। आप प्रोसीडिंग्ज़ देख सकते हैं। लेकिन किसी आदमी को नहीं बताया गया कि हम चार एकड़ से ऊपर वालों के साथ क्या करने लगे हैं और क्लास आफ पर्सन्ज़ डिफाइन करने लगे हैं। आपने हम से ताकत हासिल की, लेकिन उसका इस्तेमाल बहुत गलत तरीके से किया है। यहां पर क्लास आफ प्रापर्टी इन्डीकेट करना चाहिए था, लेकिन क्लास आफ पर्सन्ज़ का नोटिफिकेशन कर दिया गया। मौजूदा मिनिस्टर साहब से पहले के मिनिस्टर साहब ने अपने अख्तियारात से तजावज़ किया और एक अन-कांस्टीट्यूशनल तरीके से नोटिफिकेशन निकाला और उसमें इस मुल्क के लाखों आदमियों की किस्मत का फैसला कर दिया। उस में यह लिख दिया गया कि एलाटमेंट टेम्पोरेरी हो या पर्मानेन्ट हो। मेरी समझ में नहीं आता कि यह टेम्पोरेरी एलाटमेंट क्या बला है। क्या आप महज़ टेम्पोरेरी एलाटमेंट कह कर लाखों रुपए की जायदाद तलब कर सकते हैं? वह नोटिफिकेशन इल्लीगल है, अन-कांस्टीट्यूशनल है और आर्टिकल १९(१)(एफ) के खिलाफ़ है और राइट्स आफ प्रापर्टी पर हमला है। आप किसी की जायदाद कानूनन जब्त नहीं कर सकते। आप किसी जायदाद को तभी ले सकते हैं, जब कि वह ३१ आर्टिकल के अनुकूल एकार्डिंग टु ला हो। इस नोटिफिकेशन के जरिये आप किसी को मुआवजा देने से इन्कार नहीं कर सकते हैं। मेरी जो जायदाद गांव में थी, उसका मुआवजा खत्म कर दिया गया है सिर्फ एक लफ्ज़ लिख कर कि चार एकड़ से कम या ज्यादा का एलोटमेंट का फलां नतीजा होगा। हम लोगों ने आंखें बन्द कर के आपको पावर दे दी थी। आप को इस बात का कोई अख्तियार नहीं था कि चार एकड़ वालों या कम व वेश वालों को जायदाद जब्त कर लें। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि आपका वह सारे का सारा कानून बिल्कुल expropriotary (एक्सप्रोप्रेटरी) गलत और नामुनासिब है। आप ने तो जो कुछ करना था, वह कर दिया और आज हम लकीर पीट रहे हैं मेरी समझ में नहीं आता कि आपको किस तरह से मैं यकीन दिलाऊं। और अगर किसी तरह आपको यकीन आ भी जाय, तो आप इस बात से सहमत नहीं होंगे कि नए सिरे से क्लेम्ज़ लिए जायें।

मेरे नोटिस में कितने ही केसेज़ आए हैं, जिनमें एक आदमी की लाख-लाख रुपए की प्रापर्टी एक ऐसे रूल के मातहत

ज़ब्त कर ली गई, जिसको सैंट्रल गवर्नमेंट ने नहीं बनाया, किसी मिनिस्टर ने नहीं बनाया, जिसको किसी एक्ट की मार्फत नहीं बनाया गया। एक जायंट सेक्रेटरी के प्रैस-नोट में एक फिक़रा था, जिसकी बिना पर यह सब कार्यवाही की गई। अगर गवर्नमेंट ने हुक्म दिया होता, तो मैं मान सकता था। एक जायंट सेक्रेटरी को इस बात का क्या अख्तियार था कि वह महज़ एक प्रैस-नोट के ज़रिये करोड़ों रुपए की जायदादों को हज़्म कर लेता ? लेकिन आप जरा उस आदमी के दिल से पूछिए जिसकी जायदाद थी, उसके बीवी बच्चों से पूछिए और जरा उसकी खराब हालत का नक्शा खींचिए। कितनी बेजा बात की गई। और वह भी एक प्रैस-नोट के ज़रिये—कोई हुक्म नहीं, कोई नोटिफिकेशन नहीं, किसी एक्ट की दफ़ा नहीं और शायद आनरेबल मिनिस्टर का दिमाग भी उधर न गया हो। उस प्रैस-नोट में लफ्ज है "दि बिल्डिंग"। इस बारे में ज़रा किसी कानूनदां से तो पूछिए। "दि बिल्डिंग" मीन्ज़ दि buildings (बिल्डिंग्ज़) "बिल्डिंग्ज आल्सो," क्योंकि सिंगुलर में ही प्लुरेल आ जाता है।

श्री मेहर चन्द खन्ना : जनाब वाला, क्या आप यकीन कर सकते हैं कि एक डिप्टी सेक्रेटरी या जायंट सेक्रेटरी इतना अहम नोटिफिकेशन बगैर मिनिस्टर की एपरूवल के, या उसकी मर्जी के, या कानफरेन्स के, इस्यू कर सकता है ?

पंडित ठाकुर दास भार्गव : आप का ख्याल बजा है, लेकिन जितनी एबसर्ड बात इस नोटिफिकेशन के ज़रिये हुई, उसकी मिसाल कहीं नहीं मिलती है।

Shri Mehr Chand Khanna: Notifications are always issued under the signature of the Secretary or the Deputy Secretary or the Joint Secretary, but the decision is that of the Government, and within my knowledge previously before partition and now—I have been Minister even once before—I do not think ever a notification has been issued in the name of a Minister. A notification is always issued by the Secretary under the orders of the Government. So, to call a Joint Secretary or a Deputy Secretary responsible for a fatal notification of the nature described by my hon. friend opposite I feel is not being very fair to that man. The responsibility rests with the Government, the responsibility rests with the Minister for the time being, whoever he may be—I or my predecessors Shri A. P. Jain or Shri Mohanlal Saksena.

पंडित ठाकुर दास भार्गव : जनाब वाला, जो कुछ मैं अर्ज कर रहा था, उस ने इतने जोर से हमारे मिनिस्टर साहब को चुटकी काटी कि उनको मुझे कान्ट्राडिक्ट करने के लिए खड़ा होना पड़ा।

मेरे हाथ में वह नोटिफिकेशन मौजूद है, वह प्रैस-नोट मौजूद है, और इसको मैं अपने घर से मैनूफैक्चर कर के नहीं लाया हूं। यह आप के यहां का ही है और इस पर जिन साहब के दस्तखत हैं, उनका नाम है श्री एस० बी० कपूर, जायंट चीफ़ क्लेम्ज़ कमिश्नर एंड जायंट सेक्रेटरी टु दि गवर्नमेंट आफ़ इंडिया।

Shri Mehr Chand Khanna: What is the date?

श्री पी० एन० राजभोज : आप को मालूम होगा।

Pandit Thakur Das Bhargava: Why should he know? He is not responsible. Shri A. P. Jain also is not responsibile. They were not there. This is 3rd August, 1950.

[redacted]

Shri Mehr Chand Khanna: Shri A. P. Jain was there. He came in June, 1950.

पंडित ठाकुर दास भार्गव : मैं कपूर साहब को जानता हूं । उनसे अच्छा जुडिशिल आफिसर पंजाब में शायद ही मिलेगा । जो कागज़ मेरे पास है, उसमें यह बात दर्ज नहीं है कि किसी मिनिस्टर से पूछा गया । ज़रूर पूछा गया होगा । अगर मिनिस्टर ने कहा होगा, तो वाई डिड नाट दि मिनिस्टर टेक रेस्पांसिबिलिटी ? अगर मिनिस्टर ने किया होता, तो भी वह उतना ही इल्लीगल होता । अगर मिनिस्टर के हुक्म से यह जारी किया गया, तो भी उतना ही अनकांस्टीट्यूशनल और काबिले-एतराज़ है । दैट मेक्स नो डिफ़ेन्स । आप इस मामले को लीगलिस्टिक पायंट आफ़ व्यू से न देखें—इसको उन गरीबों के पायंट आफ़ व्यू से देखें, जिनकी सारी सम्पत्ति इस प्रैस नोट ने होम कर दी है । जैसा कि मैं ने अभी अर्ज़ किया है, आप के लिए और आपके दूसरे अफ़सरों के लिए यह बड़ा मुश्किल हो रहा है कि इस बात को मानें कि नए सिरे से क्लेम्ज़ लें । आपकी इस मुश्किल को मैं जानता हूं और महसूस करता हूं । मैं जानता हूं कि सारे क्लेम्ज़ डिपार्टमेंट को रेसूसिटेट करना निहायत मुश्किल है । इसमें रुपया भी बहुत खर्च होगा और परेशानी भी उठानी पड़ेगी ।

जहां मैं ने यह देखा, वहां मैं ने आपके सेन्स आफ़ जस्टिस को भी देखा है । मैं आपकी कोई खुशामद नहीं करता हूं । कल आपने फरमाया कि आप अलवर, भरतपुर वगैरा के clauses को examine (ऐक्जामिन) करावेंगे—यह आपने दुरुस्त तौर पर फरमाया । आखिर एलाटमेंट के क्या मानी हैं ? मैं अभी आक्सफोर्ड डिक्शनरी को देख कर आया हूं । एक आदमी को कह दिया कि यह तुम्हारी जमीन है, तुम इसको बोओ, जोतो, यह तुम्हारी मर्ज़ी है । साथ ही एक नान-रेफ्यूजी को भी इसी शर्त पर दे दी । वह लीज़ है, एलाटमेंट है, या क्या बला है ? आपने जवाब दिया है कि मैं इन क्लेम्ज़ को एग्ज़ामिन करूंगा । जनाब वाला, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इन लोगों के साथ इनसाफ नहीं हुआ है । मुझे दुख इस बात का है कि चाहे इनको दस बीघा भी जमीन दी जाती, तो भी इनको वहां पर रहने देते और कह देते कि यह तुम्हारी जमीन है, तुम बोओ खाओ । वह ज़मीन पचास रुपया एकड़ की है और बिल्कुल निकम्मी है । मेरे पास कई दरख्वास्तें आई हैं, जिनमें कहा गया है कि इस ज़मीन का आप हमें मुआवज़ा देना चाहते हैं । मैं ने आपका रूल देखा है । जिस ज़मीन की बिना पर इनके क्लेम खारिज किए गए, वे क्या खाक एलाट हुई थीं ? आपने १९४७–४८ में उनको ज़मीन दे दी और १९५० में उनको कान्सीक्वेन्सिज़ भुगतने पड़े हैं । आपने यह कानून पास कर दिया है कि तुम्हारी सारी जायदाद—वह चाहे लाख को हो या पचास हजार की हो—ज़ब्त हो गई है । मैं ने कल अर्ज़ किया था कि इस किस्म का कानून सारी दुनिया में नहीं मिलेगा कि १९४७–४८ में थोड़ी सी जमीन बोने को देकर १९५० में उस की बिना पर लाखों की जायदाद ज़ब्त कर लेवें और आइन्दा उसी ज़मीन को छीनने के लिए दावेदार हों ।

श्री गिडवानी : अभी भी छीन रहे हैं ।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि आप इस को एग्ज़ामिन करेंगे । मैं आपके सेन्स आफ जस्टिस की तारीफ करता हूं और दाद देता हूं ।

श्री मेहर चन्द खन्ना : बड़े मिक्स्ड कानग्रेचुलेशन्ज हैं आप के ।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : इन को कबूल करने के लिए जरा दिल चाहिए और दिमाग भी । कल आप ने एक रियायत दी और बड़ी रियायत दी और वह वह कि पंजाब में जिनके दो एकड़ के क्लेम हैं, उन को साढ़े चार सौ रुपया की एकड़ के हिसाब से मुआवजा देगें । इस लिए मैं आप का किस तरह शुक्रिया अदा करूं मैं तो आपके दिल में यह गुदगुदी पैदा करना चाहता हूं कि जब आपने मान लिया कि उनके साथ बेइन्साफी हुई है, तो क्यों माना ? सब बातों की बैक पर यह बात है कि वे एलाटमेंट महज़ कागज़ पर दिए गए जिनके नाम एलाटमेंट कर दिया गया, वे न आए, न गए और न उन को कुछ मालूम हुआ । उन्होंने उस को कबूल किया या अपनी मर्जी दी कोई भी गिफ्ट कम्पलीट नहीं होता जब तक कि उसकी एक्सेप्टेन्स न हो । आपके इन रूल्ज में लिखा है कि जब तक कोई एलाटमेंट कबूल नहीं करेगा, तब तक वह एलाटमेंट नहीं कही जा सकेगी । दैट ऐलाटमेंट इज़ नो एलाटमेंट । वह यूनिलेटरल है और जिस के नाम की गई उसको बाइंड नहीं करती । उनको एलाटमेंट नहीं हुआ और उनके साथ सख्ती हुई यह देखकर आप फी एकड़ ४५० के हिसाब से उनको बख्शीश देना चाहते हैं । मैं उस बख्शीश को तो कबूल करता हूं लेकिन मैं आपके सेंस आफ जस्टिस का बहुत शाकी हूं । इन्सा तो यह था कि अगर उनको एलाटमेंट नहीं हुआ तो आपको उनके क्लेम्स को देखना चाहिए था । अगर आप उनके क्लेम्स को देखना चाहते हैं तो क्यों आप उस बदकिस्मत शख्स को, जिस पर आपने २ एकड़ या कम यकतरफा आलोटमेंट किया जिसको आपको इनायत या जुल्म का पता ही नहीं, महरूम रखते हैं उसके हक सें । जिन आदमियों को जमीन नहीं मिली, मालूम वे कहां कहां सारे हिन्दुस्तान में बिखरे हुए हैं । जब आप भरतपुर वाले व अलवर वालों के क्लेम्ज को देखेंगे तो आपको मेरे क्लेम्स को भी देखना चाहिए । मुहकमा तो आपको खोलना ही । जो भी दफा ६५ और दफा ६७ की उम्मत में आते हैं उनको आपका ही सहारा है । मैं उनको आपके घर भेजूंगा । वह आपके यहां लालटेन लेकर नहीं जायेंगे बल्कि वे आपके पास अपने दिलों की अर्जियां लेकर जायेंगे । जब आप इन लोगों की उम्मत ले रहे हैं तो आप उन लोगों के भी क्लेम देखिये जिनका मैं ने जिक्र किया है । ताकि लोग कहें कि खन्ना साहब बख्शीश का नहीं बल्कि इन्साफ का दिल रखते हैं ।

2 P.M.

मैं समझता हूं कि इन्साफ तो उस दिन होगा जब आप हिम्मत करके जाकर कैबिनेट से कहें कि मेरा दिल कहता है कि सन् ५० के नोटिफिकेशन के मैं टुकड़े टुकड़े करके फाड़ दूं । अगर आप इतनी हिम्मत नहीं कर सकते और जो बात मैं बड़े अदब से अर्ज कर रहा हूं उसको कैबिनेट कबूल नहीं करना चाहती तो लाचारी है । मैं तो बेबस हूं, लेकिन मैं जानता हूं कि कैबिनेट और इस कांग्रेस हुकूमत की शान का यह तकाजा है कि वह लोगों के साथ इन्साफ करे और सिर्फ झूठे विकार पर न रहे । इसलिए मैं यह चाहता हूं कि इस रूल ६५ को हटा दिया जाय । इसके बारे में इकबाल सिंह साहब ने भी अमेंडमेंट दिया है, और लोगों ने भी इसके बारे में कहा है । मैं चाहता हूं कि आप नये सिरे से क्लेम्स को लें । मैं जानता हूं कि इसमें आपको तकलीफ होगी, रुपया

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

भी खर्च होगा। लेकिन इसके मुकाबले में रुपया और तकलीफ क्या चीज है। अगर आप ऐसा करेंगे तो लोग कहेंगे कि अगर कहीं गलती भी हो जाती है तो हमारी सरकार उससे ऊपर उठकर उसको ठीक कर लेती है।

श्री पी० एन० राजभोज : हमने भी यह अमेंडमेंट दिया है।

श्री मेहर चन्द खन्ना : आपके अमेंडमेंट का नम्बर क्या है ?

श्री पी० एन० राजभोज : उसका नम्बर २०३ है।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : मैं आपकी खिदमत में यह अर्ज करना चाहता हूं कि कल इकबाल सिंह साहब ने देहाती मकानों के बारे में एक अमेंडमेंट दिया था। श्री अजित प्रसाद साहब का यह ख्याल था कि जिसको पंजाब में जमीन मिली है उस को उस के साथ मकान भी मिला है, इसलिए मकान का क्लेम पूरा हो गया। यह तो एवरेज वाला मामला है जिसमें कुनबा डूबा क्यों वाला सवाल आता है। सब आदमियों के एक जैसे ही मकान नहीं होते। पूर्वी पंजाब के लोग तो कच्चे मकानों में रहते थे मगर जहां से वे पुरुषार्थी आये थे वहां बहुत अच्छे मकानात बने हुए थे क्यों कि उस वक्त की सरकार ने हमारे इलाके की तरफ तवज्जह बहुत कम दी थी। जो कुछ किया था वह उसी इलाके के लिए किया था।

सभापति महोदय : आपको ख्याल नहीं है कि आपने कितना वक्त ले लिया है।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : मुझे कोई आधा घंटा हुआ होगा।

सभापति महोदय : आपने १.२० पर शुरू किया था और अब २.५ हो रहा है। आप ही हिसाब लगा लीजिये।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : मैं यह अर्ज करूंगा कि जिसके कुल में चौथाई से ज्यादा अमेंडमेंट हों उसको उतना ही वक्त भी दिया जाना चाहिए।

सभापति महोदय : इकबाल सिंह साहब भी अपने अमेंडमेंट पर बोलना चाहते हैं। उनका भी अमेंडमेंट है।

श्री पी० एम० राजभोज : हमारा भी अमेंडमेंट है।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : मैं बहुत जल्दी खत्म करूंगा। मेरे पास ज्यादा वक्त नहीं है। इसलिए मैं दो बातों की तरफ आपकी तवज्जह दिलाना चाहता हूं। कल मैं ने अर्ज किया था कि आपके अफसरान ने एक सुबह बैठ कर ६५०० क्लेम्स को खारिज कर दिया, उन लोगों को बुलाया तक नहीं जिनके verified claims (वेरीफाइड क्लेम्स) खारिज किये गये। आपने कल फरमाया था कि हम एक्सपार्टी जजमेंट्स को रिवाइव करना चाहते हैं। तो मैं चाहता हूं कि इन क्लेम्स को भी इसी तरह से रिवाइव किया जाय।

इसके अलावा एक और बात की तरफ मैं आपकी तवज्जह दिलाना चाहता हूं। मैं इसके लिए किसी को कुसूरवार नहीं ठहराना चाहता। लोगों का कहना है कुछ फाइलें खो गयी हैं और इसलिए उनके क्लेम्स का पता नहीं चलता। ऐसे क्लेम्स को भी आपको एडमिट करना चाहिए।

एक बात की तरफ और मैं आपकी तवज्जह दिलाना चाहता हूं । आपके प्रिडेसेसर साहब ने यह भी कहा था कि रिहैबिलिटेशन के जो बैनिफिट्स होंगे वे कम्पेन्सेशन के बेसिस पर होंगे । लेकिन दफा ६७ में आपने यह रखा है कि वह सिर्फ उन के वास्ते है जो १९५२ के बाद आए हैं । यह उसूल सही है । मैं भी यह मानता हूं कि जिसको रिहैबिलिटेशन ग्रांट दी जाय वह कम्पेन्सेशन के बेसिस पर दी जाय । यही श्री अजित प्रसाद जैन ने फरमाया था २२ सितम्बर १९५४ को और मैं समझता हूं कि आप भी इसको एंडोर्स करेंगे ।

अब मैं आपकी तवज्जह अपने चन्द एक अमेंडमेंट्स की तरफ दिलाना चाहता हूं । मुझे अपने अमेंडमेंट्स नम्बर ४० से ५८ तक के बारे में कुछ नहीं कहना है क्योंकि इनके बारे में कहा जा चुका है । ५८ के बारे में मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि जिन लड़कों को एजूकेशनल ग्रांट्स दी गयी थीं, जो रुपया लोगों को खाने वगैरह पर खर्च हुआ था वह उनसे वसूल न किया जाय यह हमारी सरकार की शान के शायां नहीं है । हमने इसको कर्ज के रूप में इसलिए दिया था कि ताकि सब लोग उसको न मांगें । इसको उनसे वापस मांगना मैं समझता हूं कि जायज नहीं है ।

मुझे रिहैबिलिटेशन फाइनेन्स के बारे में भी अर्ज करना था लेकिन वक्त न होने की वजह से मैं उसके बारे में कुछ नहीं कहना चाहता ।

जाइंट हिन्दू फैमिली के बारे में मुझे यह कहना है कि जिसका एक क्लेम हो उसको अगर आठ हजार नकद दिया जाय तो जिसके दो क्लेम हों उसको १६ हजार नकद और तीन क्लेम हों उस को २४ हजार नकद दिया जाय ।

मैं ने और भी चन्द अमेंडमेंट दिए हैं । उम्मीद है कि आप उनको मंजूर करेंगे । सब के बारे में मैं नहीं कह सकता लेकिन मैं तीन अमेंडमेंट्स के बारे में कहना चाहता हूं । वे हैं अमेंडमेंट्स २११, २१२ और २१३ । अमेंडमेंट्स नम्बर २११ इस प्रकार है :

The following be added after sub-rule (3) of rule 17.

"Provided that nothing in this sub-rule shall apply where any such person purchases any property forming part of the compensation pool in which case the purchase price may be adjusted against the compensation payable to him in accordance with these rules, notwithstanding that the amount to be adjusted exceeds fifty thousand rupees.."

इसी तरह मेरा जो २१२ नम्बर का अमेंडमेंट है जिसमें दर्ज है कि ज्वाइंट हिन्दू फैमिली का कोई शख्स मर गया है और उसके चार लड़के हैं जो कि १८ वर्ष से कम के हैं तो कम्पेन्सेशन के लिए दे शल कंस्टीट्यूट वन यूनिट । अब यह सवाल कि वह लड़का १८ वर्ष की उम्र से कम का है इसके लिए २६ सितम्बर सन् १९५५ की डेट रक्खी गई है ।

मेरे जो २२० और २२१ नम्बर के अमेंडमेंट्स हैं वे दोनों हाविंग के मुताल्लिक हैं । दरअसल यह दोनों ओवरलैप करते हैं । मैं ने जो पहले अमेंडमेंट दी थी उससे शायद गवर्नमेंट के जो ड्राफ्ट्समेन हैं, वह उसको ऐप्रूव करते हैं ।

मैं ने एक अमेंडमेंट और दिया है जो वकीलों के बारे में है । उसके बारे में मैं

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

कुछ ज्यादा अर्ज नहीं करना चाहता । वकील बतौर वकील के आप कह सकते हैं, कि वह पैरवी के लिए शायद किसी से अपना मेहनताना लेगा और इसलिए आपने उसको डिबार कर दिया है। लेकिन फर्ज कीजिये कोई वकील हमारे किसी रेफ्यूजी भाई बेटा या मददगार या रिश्तेदार है या किसी पर रहम करके उसका मुख्तार बन कर आता है और अपील में या रिवीजन में मार्केट वैल्यू का कितना झगड़ा पैदा होता है, और ऐसे मामलों में सिवाय वकील के और कोई मदद नहीं कर सकता और इसलिए मैं चाहता हूं कि इसमें "ऐज सच" अल्फाज बढ़ा दिये जायें । अगर बतौर लीगल प्रैक्टिशनर के वे लोग हाजिर न हो सकें लेकिन वैसे तो उनको हाजिर होने और अपना केस प्लीड करने की छूट दी जाय ।

मैं नये चैप्टर चार के मुताल्लिक जनाब की इजाजत से तीन मिनट में अर्ज करना चाहता हूं कि अगर गवर्नमेंट पचास करोड़ रुपये या इससे कम रिहैबिलिटेशन ग्रांट देगी तो यह जो आपकी स्कीम है, यह स्कीम कम से कम पांच वर्ष तक खत्म नहीं हो सकेगी और रेफ्यूजीज में बहुत डिस्सैटिसफ़ैक्शन होगा । इसलिए यह बहुत जरूरी है कि गवर्नमेंट अपने लोन को बढ़ावे क्योंकि तभी सारे क्लेमों का जल्दी निपटारा हो सकना मुमकिन है । मैं तो पहले से ही कहता आ रहा हूं कि जब तक सरकार से ५० करोड़ की रकम नहीं मिलेगी, क्लेम्स का मामला तय नहीं होगा । मैं उम्मीद करता हूं कि इस कंपेनसेशन की अदायगी के बारे में रिऐलिज्म की निगाह से देखा जायगा और गवर्नमेंट इसमें रकम देगी ताकि यह काम ठीक तरह से चलाया जा सके । कल हमारे आनरेबुल मिनिस्टर सहब ने फरमाया कि हम इस काम को अगले दो तीन सालों में खत्म कर लेंगे । मुझे याद पड़ता है कि जब हमारे श्री मोहन लाल सक्सेना सन् ५० में बिल लाये थे, तो एक साल के लिए इस को जारी रखना चाहते थे, उस वक्त बड़ी मुश्किल से डिप्टी स्पीकर साहब की मेहरबानी से हमने दो साल के लिए इसकी मियाद बढ़ायी और हमने देखा कि सन् ५१ गुजर गया, ५२ गुजर गया, ५३ गुजर गया और सन् ५४ भी निकल गया और वह काम कोअ भी तक खत्म नहीं हो पाया है और मैं तो समझता हूं कि अगर हमारे मिनिस्टर साहब को गवर्नमेंट से ५० करोड़ रुपया और इस काम के लिए नहीं मिला तो साल या दो साल में इस काम को खत्म नहीं कर पावेंगे और वह इसके एक्सटेंशन के लिए यहां फिर हमारे सामने आयेंगे अगर हम वाकई चाहते हैं कि यह सारा काम दो वर्ष के अन्दर खत्म हो जाय तो उसकी तरकीब यह है कि सरकार एक बड़ी रकम रिहैबिलिटेशन मिनिस्ट्री को दे ताकि यह काम पूरा हो सके ।

जनाबवाला, दो छोटी बातें मैं चैप्टर ४ के मुताल्लिक कहना चाहूंगा । इनके पास अफसरों की कमी है और अभी तक यह लोग सारे मकानात की कीमत भी नहीं आंक पाये हैं और यह इस वजह से है कि इनके पास इंजीनियर्स थोड़े हैं । जरूरत इस बात की है कि अब इस काम को स्पीड अप किया जाये क्योंकि हर एक मकान की कीमत जब तक आपके पास नहीं होगी, रिजर्व प्राइस जब तक आप नहीं जानते तब तक आप उनकी नीलामी नहीं कर सकते । जो ऐप्लीकेशंस जाती हैं उनके बाबत प्रीलिमिनरी स्क्रूटिनी १५ दिन के

अन्दर खत्म हो जानी चाहिए, जो कि स्टाफ की कमी होने के कारण हम नहीं कर पाते। तीन महीने के अन्दर हर एक शख्स को मालूम हो जाना चाहिए कि उसे क्या मिलेगा। पब्लिक ड्यूज का रजिस्टर आपके पास है, आखिर कौन सी चीज ऐसी है जो आपके पास नहीं है, आप उनको तहकीकात करके तीन महीने के अन्दर खत्म कर सकते हैं, इफ यू मीन बिजनेस।

एक मामला और रह गया है जिसकी कि तरफ मैं थोड़े में आपकी तवज्जह दिलाना चाहता हूं। और वह यह है कि बावजूद ४ लाख ७५ हजार आदमियों के ऐड हासिल करने के और बावजूद ३ लाख ६८ हजार क्लेम होने के कौन ऐसा शख्स है जो यह नहीं जानता होगा कि कितने ही गरीब आदमी ऐसे होंगे जो बवजह गरीबी, बवजह लाइल्मी, बीमारी या दूसरी वजूहात की रू से अपने क्लेम्स आज तक नहीं दे सके। मैं खुद अपने तजुर्बे की बिना पर कह सकता हूं कि जब मैं अपने हल्के में जाता हूं और लोगों से कहता हूं कि गवर्नमेंट कम्पेनसेशन इस तौर पर देने जा रही है, तो बहुत से लोग मुझे ऐसे मिलते हैं जो कहते हैं कि हमें तो इसके पहले कुछ पता ही नहीं था। वे यह भी नहीं जानते कि क्लेम क्या चीज होती है और वह किस तरह से दिया जाता है। इतनी ज्यादा लाइल्मी हमारे लोगों के बीच में मौजूद है। और यही सबब है सन् ५२ में और सन् ५४ में जब यह ऐक्ट हमारे सामने आया, तब हमने कोशिश की कि सरकार अपने कानून को गांव गांव में वाइड पब्लिसिटी दे। ६० दिन की मियाद देते हैं कि लोग अपने क्लेम फाइल कर दें, ६० दिन में कौन शख्स अपना क्लेम दाखिल कर सकता है। वे हमारे बेचारे गरीब लोग अनपढ़ होते हैं और कानून अंगरेजी में होता है जिसके कि बारे में शायद पार्लियामेंट के बहुत से मेम्बरों को भी उसकी पूरी इम्पलीकेशंस नहीं मालूम रहतीं तब उन बेचारे लाइल्म लोगों से आप कैसे तवक्को करते हैं कि वह वक्त के अन्दर अपना क्लेम दाखिल कर देंगे। मुझे जो इस मिनिस्ट्री से शिकायत है वह यह है कि आप एक हाथ मे एक चीज देते हैं तो दूसरे हाथ से उसको छीन लेते हैं। आपने यह तो कहा कि हम नये क्लेम दाखिल करने की लोगों को इजाजत देंगे लेकिन उसके ऊपर आपने दो अंकुश लगा दिये। पहला अंकुश तो यह कि उसको डाक्युमेंटरी एवीडेंस देनी होगी और जो टाइटिल डीड होगा वह आपके सामने सबूत के लिए पेश करना होगा। मैं बड़े अदब से पूछना चाहता हूं कि हमारे उन भाइयों के घरों में कौन से टाइटिल डीड्स और डाक्युमेंटरी एवीडेंस मौजूद है? इसीलिए मैं ने इसमें "इफ ऐनी" यह अल्फाज जोड़ने के लिए कहा है। अगर उसके पास डाक्युमेंटरी एवीडेंस और टाइटिल डीड्स हों तो वह उनको पेश कर दे और अगर न हों तो न रक्खे। इस तरह की टेक्निकल बातों की वजह से आप उसके लिए रास्ता बंद न करें। जहां तक टाइटिल डीड्स पेश करने का सवाल है वह उनसे तवक्को करना बहुत ही मुश्किल है और मैं तो यहां तक कहूंगा कि अगर कल को मुझे अपनी जायदाद के टाइटिल डीड्स पेश करने को कहा जाय तो मैं नहीं दिखा सकता, हालांकि मैं उनका मालिक हूं। इसी तरह आपका उससे यह कैफियत तलब करना कि पांच वर्ष तक वह क्यों नहीं आया और अगर वह इसके लिए आपकी तसल्ली नहीं कर सकता तो आप उसके लिए दरवाजा बंद कर दें, मुनासिब नहीं है और ऐसा करना कतई गलत होगा, आप इसको लिबरलाइज कीजिये।

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

हमारे श्री एन० सी० चंद्रा साहब जो सक्रेटरी हैं उन्होंने श्रीनगर में रिहैबिलिटेशन मिनिस्ट्री की कान्फ्रेंस के दौरान में अपने मुहकमें वालों को हिदायत दी थी, और मैं आज आपको उसकी फिर याद दिलाना चाहता हूं। उन्होंने फरमाया था कि यह सारा काम अगर आप जल्दी खत्म करना चाहते हैं तो उसके लिए रिहैबिलिटेशन मिनिस्ट्री को मिश्नरी मिनिस्ट्री बनना होगा और यही हमारे खन्ना साहब की भी हिदायत थी। आज जरूरत उस स्प्रिट के संग काम करने की है और जो दिक्कतें मैं ने बतलाई हैं उन को दूर करने की है और जब तक आप यह नहीं करेंगे, तब तक आप अपने मकसद में कामयाब नहीं होंगे।

श्री पी० एन० राजभोज : मेरा १५४ नम्बर का अमेंडमेंट है जिसमें यह चाहा गया है कि राजस्थान और अन्य जगहों पर जो हमारे मुसीबतजदा रेफ्यूजी भाई हैं उनसे कर्ज वसूल करने के लिये जो चार साल की मीयाद रखी थी, उसकी जगह १६ साल कर दिया जाय और चार साल के बजाय वह कर्जा १६ साल में किस्तों में वसूल किया जाय।

मैंने कल भी मिनिस्टर महोदय का ध्यान हम हरिजनों की विशेष सहायता करने की ओर भारतीय संविधान में जो आदेश हैं, उसकी ओर दिलाया था लेकिन मंत्री महोदय ने उसके बारे में कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। हमारे कांस्टीट्यूशन में लिखा है कि शेड्यूल्ड कास्ट के लोगों को ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें पहुंचाई जायें। मैं चाहता हूं कि मेरा यह अमेंडमेंट स्वीकार कर लिया जाय और चार साल के बजाय १६ साल में आसान किस्तों में उनसे कर्जा वसूल किया जाय और इस मांग में मेरे साथी श्री जांगड़े, श्री रामानन्द दास, श्री पी० एल० बारूपाल, श्री भीखा भाई, श्री बलवन्तसिंह महता आदि लोग हैं। पंडित जी ने इसके बारे में बहुत अच्छी तरह से कहा है। मुझे इसलिये इसके बारे में विशेष कहना नहीं है।

इसके अलावा मेरा २०३ नम्बर का अमेंडमेंट है। और इसको मंत्री महोदय को स्वीकार करना चाहिये। जब हमारी सरकार इस देश में समाजवादी अर्थ व्यवस्था और समाजवादी ढांचा कायम करना चाहती है तो गरीबों के लिये कोई रुकावट नहीं लगानी चाहिये और उनको ज्यादा से ज्यादा आसानी देना चाहिये।

इस क्लेम से हजारों लोगों का सम्बन्ध है जिन में हरिजन भी हैं और दूसरी जातियों के लोग भी हैं। इसके बारे में, मेरी प्रार्थना है कि गरीबों के ऊपर जो अन्याय हो रहा है वह नहीं होना चाहिये और हमारे मंत्री महोदय रिहैबिलिटेशन मिनिस्ट्री की तरफ से जो कुछ कहते हैं उसको जल्दी अमल में लाने की कोशिश करें और मैं ने जो अमेण्डमेंट दिये हैं उनको मान लें।

दूसरे जो उन्होंने कल कहा कि बहुत सी जगहों पर हमारे हरिजन भाइयों के क्लेम हैं, उनको भी सहूलियत देनी चाहिये, क्योंकि उनके पास रुपया नहीं है। वह भी रिफ्यूजी हैं, हम भी रिफ्यूजी हैं, हां, अब और नये रिफ्यूजी जरूर आ गये हैं। बहुत दिनों से, दूसरी उच्च जातियों के मुकाबिले में, हमारे हरिजनों के साथ भेद भाव किया गया है, उसको रोकना चाहिये। यह बहुत गलत बात की गई है और इससे हम सभी को बहुत दुःख है। हमको इसे दूर करना चाहिये, जिससे हरिजनों का भी कल्याण हो। आज बहुत जगहों पर रिफ्यूजी हरिजनों की बस्तियां हैं, जैसे गंगानगर वगैरह में, उनकी ओर भी हमारी सरकार को ध्यान देना चाहिये।

मेरी दूसरी प्रार्थना यह है कि जब दिल्ली की बस्ती इतनी गन्दी है तब पता नहीं वहां के रहने वाले हरिजनों का क्या हाल होगा। आज आप जा कर राजेंद्र नगर देखिये, पटेल नगर देखिये। दोनों रजवाड़े से मालूम होते हैं, लेकिन जहां पर गांधी नगर है उसको भी जा देखिये, वहां पर हरिजन शरणार्थियों की बस्ती है। वहां पर इतने छोटे छोटे घर बने हुये हैं कि उनमें आदमियों के लिये रहना बड़ा मुश्किल है। मैं जानता हूं कि आज सरकार की पालिसी उसको ठीक करने की है, लेकिन इसके लिये जल्दी करना चाहिये। मैं बहुत नम्रता से कहना चाहता हूं कि वहां के रहने वाले भी इन्सान हैं—दे आलसो आर ह्यूमन बींग्स—मैं सरकार से इतना ही अर्ज करना चाहता हूं। आज दूसरी बस्तियां भी हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है, लेकिन जब दिल्ली में यह हो रहा है, जो कि हमारे भारत की राजधानी है, कि अछूतों की बस्ती इतनी गन्दी है कि कुछ कहा नहीं जा सकता, तो फिर और जगहों का तो कहना ही क्या? वहां अच्छा इन्तजाम होना चाहिये। वहां इतने छोटे छोटे कमरे हैं, छोटे छोटे स्थान हैं जिनमें आदमी ठीक तरह से रह भी नहीं सकता। जिस तरह से आज राजेन्द्र नगर और पटेल नगर हैं, उसी तरह से गंगानगर वगैरह को भी दुरुस्त करना चाहिये।

मुझ को यही सुझाव देने हैं और मुझे आशा है कि मंत्री महोदय इन पर अमल करेंगे।

डा० सत्यवादी : मैं ने दो अमेंडमेंट रखे हैं, २२५ और २२६ और वह दोनों ही बिल्कुल प्रोसीजर से ताल्लुक़ रखते हैं। उन में कोई बुनियादी चीज नहीं है और मुझे उम्मीद है कि उनको मंजूर करने में सरकार को कोई दिक्कत नहीं होगी।

पहला अमेंडमेंट यह है कि जब कम्पेन-सेशन के लिये दर्ख्वास्त दी जाती है और उसकी स्क्रुटिनी होती है, उस वक्त अगर सेटलमेंट आफीसर यह देखे कि वह रूल के मुताबिक नहीं है तो वह अपने आब्जेक्शन के साथ दर्ख्वास्त देने वाले को वापस कर दें, और इसके लिये मैं ने कहा है कि एक हफ्ते की टाइम लिमिट होनी चाहिये। दर्ख्वास्त विदिन ए वीक वापस कर दी जाय।

इसी तरह से रूल ११ में है। इस में उसी दर्ख्वास्त की एक कापी हेडक्वार्टर को आती है। यहां आ कर उसमें यह देखना होता है कि जो क्लेम वेरिफाइ हुआ है उसका जो असेसमेंट हुआ है और सेंटर के पास जो रेकार्ड है, उसके मुताबिक ठीक है या नहीं। सिर्फ इतनी सी ही बात सेंटर में करनी होती है, और उसके बाद वह कागज सेटलमेंट रीजनल सेटलमेंट आफीसर के पास भेज दिये जाते हैं। इस में भी मैं ने कुल यह संशोधन दिया है कि कुछ टाइम लिमिट लगा दी जाय। मैं ने तीस दिन रखा है कि तीस दिन में वह पहुंच जानी चाहिये। सिर्फ यही दो चीजें हैं, और वह इसलिये कि दफ्तरों में जो स्टाफ है अगर वह किसी को परेशान करना चाहे तो उससे गरीब आदमियों को बचाया जा सके। कई बार ऐसा होता है कि दफ्तर के लोग नाराज हो जाते हैं और उसके बाद वह गरीब लोगों को ऐसी सजा देते हैं कि वह साल दो साल घूमता ही रहता है। हमें इस बात का तजुर्बा काफ़ी है। मैं सिर्फ एक केस की तरफ इशारा करूंगा जिसमें कि शिमले में मुझे ऐसी बात देखने का मौका मिला।

बात सिर्फ इतनी थी कि शिमले में एक साहब किराया वसूल करने को गये। घर में कोई मर्द नहीं था, सिर्फ़ कुछ औरतें थीं। उनके साथ दफ्तर के लोग जो किराया लेने गये थे वह बदतमीजी के साथ पेश आये। इस की शिकायत कर दी गई। लेकिन बजाय इसके कि वह लोग इस पर शर्मिन्दा होते

[डा० सत्यवादी]

सब मुहकमे वाले इकट्ठे हो गये । उन्होंने सोचा कि इस शख्स को परेशान करना चाहिये । अब होता यह है कि उस शख्स की दर्ख्वास्त २६ अक्तूबर की अम्बाले में आती है । वह लोग दर्ख्वास्त दबा कर बैठ जाते हैं । शिमला में मकानात के टेन्डर्स लिये गये थे । ७० या ७५ प्रापर्टीज थीं । मार्च तक तकरीबन सब मामलात तय हो गये थे, सिर्फ वह एक केस लटकता रहा । जब मुझे यह मालूम हुआ तो मैं अम्बाले में सेट्लमेंट आफिसर के दफ्तर में गया, यह देखने के लिये कि आखिर बात क्या है । जब वहां पर जा कर मालूम किया कि तमाम केस तो तय हो चुके हैं, यही एक केस पड़ा है, तो उन लोगों ने फाइल निकलवाई । थोड़ी देर में बाबू जी फाइल निकाल कर लाये और उन्होंने कहा कि वे कागजात कम्प्लीट नहीं थे, इसकी तीन कापियां आनी चाहिये थीं जो नहीं आई । इसके लिये मैंने १६ अप्रैल को रिमाइन्डर भेजा था । अक्टूबर के आये हुये कागजात थे, अगले हफ्ते उन्होंने उसकी रसीद भेज दी थी कि कागज पहुंच चुके थे । लेकिन अक्तूबर के पहुंचे हुये कागज के लिये उनको अप्रैल में जा कर खबर मिलती है कि वह कागज कम्प्लीट नहीं हैं और तब उनसे कहा जाता है कि दर्ख्वास्त दुबारा भेजो । हालांकि मैं आपकी इत्तला के लिये अर्ज करता हूं कि रिमाइन्डर भेजने की बात झूठ कही गई थी, कोई कागज नहीं भेजा गया था । इसके अलावा, रीजनल सेट्लमेंट कमिश्नर के पास से भी कागज गये थे । इसलिये उनके यहां से भी कई कागज गये, लेकिन दफ्तर के बाबुओं ने कागजात भी फाइल से निकाल दिये न शिमला में एसिस्टेन्ट कस्टोडियन की फाइल में वे कागजात हैं और न अम्बाला में ।

तो मैं अर्ज कर रहा था कि मान लिया जाय कि दर्ख्वास्तें रूल के मुताबिक पूरी नहीं थीं, लेकिन वे अक्तूबर से ले कर अप्रैल तक आखिर क्यों लटकी रहीं । अप्रैल में आप कहते हैं कि कागज कम्प्लीट नहीं थे अगर इस किस्म का कोई टाइम लिमिट होती जैसी मैं ने पेश की है, तो बेचारे गरीब आदमियों को इतनी परेशानी न होती । मेरा सिर्फ इतना ही कहना है कि टाइम लिमिट एक हफ्ते की रख दी जाय, यह देखने के लिये कि काग़ज़ात पूरी तौर पर ठीक हैं या नहीं । अगर नहीं हैं तो डायरी करते वक्त पता चल जायेगा और एक हफ्ते के अन्दर आप पता दें कि यह काग़ज़ात रूल के मुताबिक नहीं हैं, या नामुकम्मल हैं, इसमें यह यह कमियां हैं और इनको पूरा करके भेजो । इसका नतीजा यह होगा कि आप लोगों के अफसरान की वजह से जिस तरह आज तक लोगों की परेशानी बढ़ती रही, वह रुक जायेगी और लोग उससे बच जायेंगे ।

जहां तक हेडक्वार्टर्स का ताल्लुक है, वहां कोई बड़ा काम नहीं है । यहां दर्ख्वास्त आई और उन्होंने अपने रिकार्ड्स से ऐसेसमेंट मिला लिया । क्लेम्स वेरिफाई होते हैं कि जो क्लेम दिया गया है, वह ठीक है या नहीं । इसके लिये ज्यादा से ज्यादा एक महीने का वक्त काफ़ी है । उसके बाद , उसको रीजनल सेट्लमेंट कमिश्नर के पास भेज दिया जाय । यह दो अमेंडमेंट्स हैं, और मैं समझता हूं कि इनको मानने में मंत्री महोदय को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं । कल मंत्री महोदय ने १०,००० रु० की जायदाद की नीलामी से मुस्तसना करने के मुताल्लिक़ फरमाया था । रात, करनाल से मुझे कुछ दोस्तों ने टेलीफोन किया और कुछ सीधे डेपुटेशन ले कर चले आये । कुछ ऐसे भाई भी हैं जो रिफ्यूजी तो नहीं हैं, लोकल

आदमी हैं, लेकिन मुसलमानों की दूकानों में ४०–४०, ५०–५० सालों से बैठे हुये हैं। तो इस ऐलान के बाद, उन लोगों को जो कि गैर-रिफ्यूजी होते हुये भी उन दूकानों में बैठे हुये हैं, कुछ खौफ सा पैदा हो गया है कि वह जायदाद ले सकेंगे या नहीं। और अगर उनको निकाल दिया गया तो उनका क्या होगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि मकानों का मामला दूकानों से कुछ मुख्तलिफ़ है।

श्री मेहर चन्द खन्ना : जितनी निकासी जायदाद है, यानी इवैक्वी प्रापर्टी, उसमें हर एक आदमी बोली बोल सकता है, चाहे वह रिफ्यूजी हो या न हो; किसी के लिये कोई बन्दिश नहीं है।

डा० सत्यवादी : जब आप नीलाम करेंगे, उस वक्त अगर लोकल बैठे हुये दूकानदार लेना चाहें तो उनको आप दे देंगे या नहीं; यह मैं साफ करना चाहता हूं।

श्री मेहर चन्द खन्ना : वह तो दूसरी बात है। अव्वल बात तो यह है कि जो आदमी लोकल किरायेदार है और वह किसी दूसरे आदमी का किरायेदार नहीं रहना चाहता है तो वह ऐसा कर सकता है या नहीं, यही तो आप चाहते हैं?

डा० सत्यवादी : मेरे कहने का मंशा यह है कि एक दूकानदार मुसलमान की दूकान में चालीस-पचास साल से बैठा हुआ है। अब आपने १०,००० रु० की हद नीलामी के लिये रख दी है। आपने उसकी क़ीमत मुक़र्रर कर दी है। अब वह चाहता है कि वह उसे मुक़र्ररा क़ीमत पर ले ले। तो आप उसको इसकी इजाज़त देते हैं या नहीं और वहां पर रिफ्यूजी और गैर-रिफ्यूजी की कोई तमीज होगी या नहीं। इस चीज को ले कर उन लोगोंमें कुछ परेशानी सी है। इस चीज को साफ करने की ज़रूरत है।

तो, मैं ने अर्ज किया कि मकान की बात और है, और दूकान का मामला उससे मुख्तलिफ़ है। जो भी लोकल आदमी एक दूकान में ५० साल से बैठा हुआ है और जायदाद तो निकासी ज़रूर है लेकिन अगर उसको वहां से उठना पड़ता है तो दूकान के साथ जो गुडविल उस ने ५० साल में बनाई है, आप अन्दाजा लगाइये, उसको कितना धक्का पहुंचेगा। मैं प्रार्थना करता हूं कि अगर उन लोगों को इस बात का हक़ नहीं कि वे इन दुकानों को खरीद सकें तो उनको यह हक़ दे दिया जाय; और इस चीज़ को यहां पर साफ़ कर दिया जाय। उनको इस हक़ से महरूम न किया जाना चाहिये, बस यही मेरी प्रार्थना है।

सरदार इकबाल सिंह : मेरे कोई २४ के क़रीब एमेंडमेंट्स हैं, लेकिन आपके हुक्म के मुताबिक जितने कम से कम वक्त में खत्म कर सकूंगा खत्म करने की कोशिश करूंगा। सबसे पहला मेरा जो एमेंडमेंट है वह क्लाज़ १८ पर है, जिस में मैं यह चाहता हूं कि इस क्लाज में से यह वर्ड "other than agricultural land" हैं, इनको उड़ा दिया जाय। मैं समझता हूं कि यह एक टेक्नीकल सी चीज है, जिसको आप मैं आशा करता हूं कि मंजूर फरमायेंगे। इससे यही मालूम पड़ता है कि आप एगरीकलचरल लैंड के बारे में इम्तयाज़ कर रहे हैं। इसलिये मुझे आशा है कि आप इसे मंजूर फरमायेंगे।

इसके बाद मेरी एमेंडमेंट क्लाज़ २० पर है, जो अलहदा-अलहदा क्लेम्ज़ के बारे में है। अगर उनका क्लेम अलहदा से वेरिफाई नहीं हुआ है तो झगड़ा हो सकता है। मैं कहता हूं कि जब आपने क्लेम्स मांगे थे,

[सरदार इक़बाल सिंह]

उस वक्त कई आदमी ऐसे भी थे जिन्होंने इकट्ठे क्लेम दे दिये थे । उनके बारे में, आपने दुबारा क्लेम्स भी मंगाये थे और मैं तो सिर्फ इतना चाहता हूं कि जो तकलीफ़ बाद में आनी है उस पर अभी विचार कर लिया जाय और उसको अभी ही दूर कर दिया जाय ।

इसके बाद, मैं क्लाज़ २२ की तरफ आता हूं । इसमें आपने शहरी और देहाती जायदाद का ज़िक्र किया है : इसमें भी शहरी और देहाती जायदाद में इम्तियाज़ बरता गया है । इसमें आपने यह कहा है कि दो हज़ार रुपये की जो दुकानें देहाती इलाकों में हों, एलाट की जा सकती हैं । शहरों के लिये तो आप पांच हजार और दस हज़ार तक की लिमिट रखते हैं लेकिन देहाती इलाकों के लिये आप दो हज़ार की लिमिट रखते हैं ; यह कहां का इंसाफ़ है ? आपने इसके साथ जो शेड्यूल अपैंडिक्स (X) दिया है उसमें भी आपने छोटे शहरों और बड़े शहरों में इम्तियाज़ किया है । जो बड़े बड़े शहर हैं और वहां पर जो एलाटेबल प्रापर्टी है उसके लिये तो आप १० हज़ार की लिमिट रखते हैं, लेकिन जो छोटे शहर हैं उनके लिये जो लिमिट है वह आप पांच हजार तक की ही रखते हैं । मैं नहीं समझता कि देहातों में जो २००० की लिमिट रखी गयी है, उसको क्यों न ५,००० कर दिया जाय । इसके साथ ही साथ, मैं चाहता हूं कि छोटे और बड़े शहरों के बारे में कोई भी इम्तियाज़ नहीं बरता जाना चाहिये । ऐसा करना इंसाफ़ की बात नहीं है ।

इसके बाद, मैं क्लाज़ २८ पर आता हूं और उसमें मैं एक नया क्लाज़ (डी) और बढ़ाना चाहता हूं । मैं चाहता हूं कि उसमें यह भी लिख दिया जाय कि अगर कोई आदमी चार साल के अन्दर किस्तें अदा न कर सके तो फिर उससे बकाया रकम किस सूद से वसूल की जायेगी । आपने लिख दिया है कि अगर वह दो साल में रुपया अदा कर दे तब तो उसके एक परसेंट के हिसाब से इंटरेस्ट लिया जायेगा और अगर वह चार साल में अदा करता है तो उससे दो परसेंट के हिसाब से सूद लिया जायेगा । लेकिन, मैं कहता हूं कि एक ऐसा सब-क्लाज़ भी एड कर दिया जाय जिससे कि अगर कोई शख्स चार साल में पे न कर सके तो उससे क्या सूद वसूल किया जायेगा । कई ऐसे भी हालात हो सकते हैं जिनकी वजह से एक आदमी चार साल में रुपया अदा न कर सके, तो मैं जानना चाहता हूं कि, क्या उससे छः परसेंट के हिसाब से सूद लिया जाएगा, या सात परसेंट के हिसाब से । मैं तो चाहता हूं कि उससे ढाई परसेंट के हिसाब से इंटरेस्ट चार्ज किया जाए ।

इसके बाद, अब मैं क्लाज़ ३५ पर आता हूं । इस में आपने यह जो (ए), (बी) और (सी) क्लास कालोनीज़ की बात कही है, मैं समझता हूं, उससे आप इम्तियाज़ बरत रहे हैं । ऐसा नहीं होना चाहिये । अगर आप चाहते हैं कि रिफ्यूजी भाई अच्छी तरह से रिहैबिलिटेट हों, तो आपको यह इम्तियाज़ नहीं बरतना चाहिये । मैं आपको बताना चाहता हूं कि आप लोग (ए), (बी) और (सी) क्लास कालोनीज़ को नहीं समझ सकते हैं । सवाल तो यह है कि क्लेमेंट्स को क्लेम देना है, चाहे वह (ए) क्लास कालोनी में दिया जाए और चाहे (बी) में । आपने यह फैसला किया है कि आप उनको किस्तों पर मकान वग़ैरह देंगे तो फिर मैं यह चीज़—कि इनको कैटेगरीज़ में डिवाइड कर दिया जाए—नहीं समझ पाया हूं । इसलिये मेरी प्रार्थना है कि

इन कालोनाज में कोई डिफेंस नहीं होना चाहिये ।

अब मैं क्लाज ४७ पर आता हूं । इस में आप ने यह लिखा है कि कम्पेंसेशन इस चेप्टर के अन्दर जो कम्पेनसेशन है वह रूल ६५ के मातहत होगा । अब जो रूल ६५ है उसके अन्दर आपने बहुत भारी बेइंसाफी की है । उस में आप ने कहा है कि जिस को ४ एकड़ से ज्यादा जमीन दे दी गई तो उसका जो २०,००० का वेरिफाइड क्लेम है वह खत्म हो जायेगा और जिस को चार एकड़ से कम जमीन दी जाती है उसका जो १०,००० रुपये का रूरल बिल्डिंग का क्लेम है वह खत्म समझा जायेगा । अगर आप ऐसा करते हैं तो मैं समझता हूं कि कैसे लोग यह समझ सकते हैं कि आप की जो कम्पेंसेशन की स्कीम है वह इंसाफ पर बनी है । इस तरह कर के तो आप इंसाफ नहीं कर रहे हैं । मैं समझता हूं कि एक मकान जो अच्छा है या बुरा है उसकी कीमत लगाकर इन लोगों को दें । इस लिये मैं समझता हूं कि जब तक यह क्लाजिज ४७ और ६५ रहती है देहाती लोगों के साथ आप इंसाफ नहीं करते हैं । यह क्लाजिज जो कि उनको सब से ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाली है, मेरी प्रार्थना है कि इनको ओमिट कर दिया जाये । अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आप देहाती भाइयों के साथ इंसाफ नहीं करते हैं, ऐसा मेरा विश्वास है । मैं कहना चाहता हूं कि यह एक या दो आदमियों का सवाल नहीं है बहुतों का सवाल है और बहुत ज्यादा लोगों पर इसका असर पड़ेगा । इसलिये मेरी प्रार्थना है कि इन दोनों क्लाजिज को उड़ा देना चाहिये ।

अब मैं क्लाज ५२ पर आता हूं । इस में आप ने यह लिख दिया है कि ३० एकड़ से ज्यादा जमीन किसी को भी एक दम से नहीं दी जायेगी । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या हमारी सरकार की यह नीति है कि हम जमीनों को एक जगह इकट्ठा करें या इन का कनसालीडेशन फ्रेगमेंटेशन हो । मैं समझता हूं कि अगर एक आदमी को एक ही जगह इस से ज्यादा जमीन दे दी जाये अगर वह उसका हक़दार है तो उसकी आमदानी बढ़ सकती है । अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो उसको तीस एकड़ जमीन एक जगह मिल जायेगी और बाकी जो थोड़ी बहुत जमीन उसको मिलनी है वह उसको कहीं और दे दी गई तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उसको कितनी तकलीफ हो सकती है । साथ ही साथ अगर उसको आज तीस एकड़ जमीन तो एक ही बार में दे दी जाती है तो जब उसको और थोड़ी बहुत जमीन देने की बारी आयेगी उस वक्त हो सकता है वह जमीन उस गांव में अवेलेबल न हो । इस तरह से यह भी मुमकिन है कि उसको १० मील दूर उस गांव से या २० मील दूर या ५० मील दूर अगर जमीन दे दी गई तो उसको बहुत ज्यादा तकलीफ होगी । इसलिये मैं समझता हूं कि जब तक आप यह कंडिशन नहीं हटायेंगे कि ३० एकड़ एक दफा दी जायेगी और बाकी की फिर दुबारा दी जायेगी तब तक उनकी तकलीफ बनी रहेगी और इस कंडिशन को हटाना ही अच्छा है । अगर आप ऐसा करते हैं तो आप जितनी जमीन देना चाहेंगे आप दे सकेंगे । मैं आपको एक मिसाल देना चाहता हूं । फर्ज कीजिये कि एक आदमी को आपने ३५ एकड़ जमीन देनी है और इस वक्त वह जमीन एक गांव में मौजूद है । इस रूल के मुताबिक उसको आप ज्यादा से से ज्यादा ३० एकड़ जमीन दे सकते हैं और आप इतनी ही दे देते हैं । अब जब बाकी की पांच एकड़ जमीन जब उसको देने की बारी आयेगी तो हो सकता है कि उस वक्त

[सरदार इकबाल सिंह]

इतनी जमीन उस जमीन के पास उसको न दी जा सके जहां कि उसको पहले जमीन दी गई थी। इस तरह से न तो आप उससे यह एक्सपेक्ट कर सकते हैं कि वह अपनी जमीन को बेहतर बनाये, अच्छा बनाये और न ही वह ऐसा कर ही सकता है । इसलिये मैं समझता हूं कि यह रूल जरूर हटा देना चाहिये ।

साहिबे सदर, इस बात की पाबन्दी लगाई गई है कि हम उनको एक हजार के ऊपर रुपया नहीं देंगे । अगर कोई शख्स किसी वजह से मकानात न लेना चाहता हो और शहर में न आना चाहता हो और कुछ जमीन ले कर बाकी क्लेम कैश में लेना चाहता हो, तो वह ऐसा नहीं कर सकता है । उस पर यह पाबन्दी लगाई गई है कि वह एक हजार से ज्यादा नहीं ले सकता है । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि जब आप शहर के भाइयों को आठ हजार तक कैश दे सकते हैं, तो कोई वजह नजर नहीं आती कि देहात के लोगों के साथ इस बारे में कोई इमतियाजी सलूक किया जाये । इन रूल्ज में सब से ज्यादा जबर्दस्ती और ज्यादती यही है कि और जब तक इस ज्यादती को दूर नहीं कर देंगे, तब तक आप देहातों के लोगों के साथ इन्साफ नहीं करेंगे।

इसके बाद, साहिबे सदर, शमिये-किस्मत देखिये कि खन्ना साहब का डिपार्टमेंट यह कहता है कि चाहे किसी सूबे ने सीलिंग लगाई हो या न लगाई हो, किसी सूबे के हालात हों या न हों लेकिन इनके एक रूल में यह प्रोवाइड किया गया है कि अगर कोई सीलिंग लगाना चाहता है, तो वह रेफयूजी की जमीन पर सीलिंग लगा सकता है। आप इस सीलिंग लगाने के काम को शुरू करते हैं और बड़े गलत ढ़ंग से शुरू करते हैं और वह भी पाकिस्तान से आये इन भाइयों पर शुरू करते हैं ।

रूल ५८ में कहा गया है कि अगर किसी रियासत को कोई कानून सीलिंग लगाता हो, तो रेफयूजी भाइयों पर भी लागू हो जायगी। यह रूल क्यों रखा गया है? आ बैल मुझे मार । कोई लगाये या न लगाये, लेकिन आप जरूर लगायेंगे । आप यह अख्तियार देते हैं एक रूल के जरिये । अगर किसी कानून के जरिये ऐसा किया जाता तो कोई बात थी । लोग अदालत में तो जा सकते थे । अब हालत यह है कि एक मामूली क्लर्क भी सीलिंग लगा सकता है, जबकि असल में इसकी जरूरत नहीं है । अगर प्रेजीडेंट ने जायदाद के तमाम हकूक दे दिये, तो सूबे की सरकार सीलिंग लगा सकती है और जब तक प्रेजीडेंट हकूक नहीं देता है, तब तक सीलिंग अब भी नहीं लगाई जा सकती है और आगे भी नही लगाई जा सकती है।

रूल ६४ में मेरी दो एमेंडमेंट्स हैं और मैं पंडित ठाकुर दास जी की एमेंडमेंट्स के साथ मुत्तिफिक हूं । जो भाई पंजाब के रहने वाले हैं और बीकानेर में आकर बसे हैं, उन पर यह पाबन्दी लगाई है कि अगर पंजाब में जमीन एलाट हुई , तो उनको बीकानेर की जमीन छोड़नी पड़ेगी और पंजाब की लेनी पड़ेगी । उनको इस बात की आप्शन दी जाय कि वह कोई ले लें और कोई छोड़ दें ।

जो वायदे जैन साहब ने किये थे, उनको पूरा किया जाना चाहिये और जिन्होंने अपने एलाटमेंट कैंसिल करा दिये थे, उनके लिये प्राविजन होना चाहिये। पंडित ठाकुर दास जी की जो एमेंडमेंट नम्बर २१० है, मैं उससे मुत्तिफिक हूं और दरख्वास्त करता हूं कि उस को मंजूर कर लिया जाये ।

सभापति महोदय : आप अब खत्म कर दीजिये ।

सरदार इकबाल सिंह : मैं दो चार मिनट और लूंगा ।

सभापति महोदय : नहीं, इस तरह तो टाइम नहीं रहेगा । आप खत्म कर दीजिए ।

सरदार इकबाल सिंह : मैं गार्डन्ज के बारे में कुछ लफ्ज कहना चाहता हूं । मैं दो मिनट में खत्म करता हूं ।

जिन लोगों को गार्डन एलाट हुवे हैं, वे उन्हीं के पास रहने चाहिये । अगर उनकी कीमत ज्यादा है, तो जैसे मकान वालों से कीमत लेते हैं, देहात की जमीन जिसके पास है, उनसे लेते हैं, उसी तरीके से उनसे भी क्लेम लीजिये । कोई वजह नजर नहीं आती कि इन लोगों के साथ इमतियाजी सलूक किया जाय । रूल ७० में मेरी जो एमेंडमेंट है, उसके जरिये यह प्रावीजन किया गया है कि बागात वालों के साथ किसी किस्म का इमतियाजी सलूक न किया जाय ।

रूल ६५ और ६७ में भी मेरी एमेंडमेंटस हैं । हम समझते हैं कि इस सिलसिले में बहुत कुछ नहीं हो सकता है और सरकार की बड़ी मजबूरियां हैं, लेकिन इसकी बाबत मैंने दो एमेंडमेंट दी हैं कि अगर कुछ नहीं हो सकता तो कम से कम एक सेटलमेंट कमिश्नर को ऐसा अख्तियार होना चाहिये कि अगर किसी आदमी ने किसी वजह से या किन्हीं खास हालत में क्लेम नहीं दिया, तो वह उसके क्लेम को एन्टरटेन कर सके ।

रूल ६७ में मैंने एमेंडमेंट नम्बर २२२ और २२३ दी हैं । जिन आदमियों की जमीनें कॅन्सिल हो गई हैं और जिन्होंने नहीं ली हैं, उनके लिये यह प्रावीजन है । ६७ ए नया रूल है । जो लोग दो दो एकड़ वाले हैं, उनको भी रीहैबिलिटेशन ग्रान्ट दी जाय । जब तक यह इमतियाजी सलूक खत्म नहीं होगा, तब तक आप देहात के साथ इन्साफ नहीं कर सकते हैं ।

लाला अंचित राम (हिसार) : अब तो आखिरी वक्त है—एक्ट का भी आखिरी वक्त है, बहस का भी आखिरी वक्त है और मेरा भी आखिरी वक्त है............

श्री मेहरचन्द खन्ना : अभी नहीं ।

लाला अंचित राम : इस बहस में ।

इस बारे में बहुत बहस हुई है और सैकड़ों एमेंडमेंट्स आई हैं, लेकिन अगर देखा जाय तो मोटी मोटी तीन एमेंडमेंट्स थीं । उनमें से दो तो आपने मान ली हैं । रूरल क्लेम और शहरी क्लेम की बात तो आपने मानली है और मैं समझता हूं कि उससे बहुत से आदमियों को तस्कीन होगी । जब यह खबर गांवों में पहुंचेगी, तो सब लोगों को बहुत खुशी होगी ।

दस हजार के मकानों और दुकानों के बारे में भी आपने तजवीज मान ली है । यह भी बड़ी अच्छी बात है । और तीसरी बात चार एकड़ वाली है, जो मुझे बहुत खटकती है और जिसके बारे में श्रीमती सुचेता कृपलानी ने और दूसरे कई दोस्तों ने कहा है । उसके हक में आपने यह बड़ी दलील दी है कि रफ़ एंड रेडी जस्टिस देना चाहिये । मैं समझता हूं कि वह रफ़ एंड रेडी जस्टिस के लिए नहीं बल्कि रफ़ एंड रेडी स्लाटर के लिये है । यह फ़ौरन कत्ले आम करेगा ।

दो तिहाई रेफ्यूजियों को आपने खुश कर दिया है । बाकी जो एक तिहाई लोग हैं, उनको भी खुश करने का कोई तरीका निकालिये ।

[लाला अचिंत राम]

आपकी दो मजबूरियां हैं। आप कहते हैं कि अगर मैं इन लोगों के क्लेम मान लूं, तो इनको अदा करने के लिये रुपया कहां से आयेगा ? यह बात माकूल है, मैं इसको तस्लीम करता हूं। इसके अलावा एक नया पुलन्दा खोलना पड़ेगा, एक नया दफ्तर खोलना पड़ेगा। दोनों बातों की अहमियत को मैं मानता हूं। लेकिन मैं यह चाहता हूं कि किसी के दिल में यह बात न रहे कि उसका क्लेम नहीं लिया गया है और उसके साथ इन्साफ नहीं किया गया है।

मिनिस्टर साहब ने कल जो तकरीर की, वह शायद अपनी किस्म की पहली थी। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान से रुपया वसूल करेंगे। यह बड़ी हिम्मत की बात है। लोग जरूर हंसेंगे, लेकिन उससे क्या फ़र्क पड़ता है एक वक्त था कि हम लोग कहते थे कि क्या स्वराज्य मिलेगा, लेकिन जवाहर लाल जी कहते थे कि लेंगे और उन्होंने लेकर दिखा दिया। कल आपने बड़े हौसले के साथ यह बात कही कि हम पाकिस्तान से रुपया लेंगे। यह बड़ी खुशी की बात है। अब आप क्लेम्ज़ इन-वाइट कीजिए, ताकि आप के पास कम से कम इन्फर्मेशन तो पूरी हो जाय। पंडित जी ने कहा था कि अगर रुपया होगा, तो जरूर देंगे आप क्लेम इनवाइट कीजिए ताकि कुछ पता तो लगे। आखिर इस पर क्या खर्च हो जायेगा ? ज्यादा से ज्यादा पचास लाख रुपया खर्च हो जायेगा लेकिन लोगों के दिल तो ठंडे हो जायेंगे। छः महीने के बाद ही सही, साल दो साल के बाद ही सही, कभी तो रुपया मिलेगा ही। आखिर न मिलने से तो दो साल ही अच्छे हैं।

मैं जानता हूं कि आपने लोगों को खुश करने की कोशिश की है। इसलिए मैं कहता हूं कि आप कोई ऐसा रास्ता निकालिये कि बाकी लोगों को भी तस्कीन हो जाय। हो सकता है कि कोई आदमी अनपढ़ था इसलिए वह क्लेम नहीं दे सका, या कोई आदमी पैसा न होने की वजह से क्लेम नहीं दे सका। कुछ लोग हैं जिन्होंने कांग्रेस की सेवा की है लेकिन पैसा न होने की वजह से वे अपने क्लेम नहीं दे सके हैं। आपको चाहिए कि उन सब के क्लेम आप लें और सब के साथ इन्साफ हो।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं हूं कि श्री अजित प्रसाद जी जैन ने अपनी एक तकरीर में कहा था कि अभी दरवाजा बन्द नहीं है। उन्होंने कहा था कि कम्पेन्से-शन के लिए तो दरवाजा बन्द है लेकिन रिहैबिलिटेशन के लिए दरवाजा बन्द नहीं है। कल आपने भी बड़े हौसले की बात कही कि जब भी आप गवर्नमेंट के पास जाते हैं और रुपये की मांग करते हैं तो आपको मिलता है। हम चाहते हैं कि कम्पेन्सेशन का भी दरवाजा बन्द नहीं होना चाहिए। जो दरवाजा अजित प्रसाद जैन के वक्त में बन्द था वह आपके आने से खुल जाना चाहिए। मैं ने देशमुख साहब की एटीट्यूड को देखा है और पन्त जी की एटीट्यूट को भी देखा है। मुझे उनसे पूरी उम्मीद है कि वे इस मिनिस्ट्री की इमदाद करेंगे। मैं चाहता हूं कि जिनका क्लेम दस हजार तक का है उनको तो फौरन पेमेंट कर दिया जाय। मेरी इस बारे में अजित प्रसाद जी से बात हुई, और पन्त जी से बात हुई। आप कहते हैं कि हम पैसा कहां से दें। मैं कहता हूं कि इस काम के लिए आप गवर्नमेंट से रुपया मांगिये। यह रुपया गवर्नमेंट रेवेन्यूज़ से दिया जाना चाहिए।

आपने कल फरमाया था कि आप ट्राइबल एरिया के बारे में ज्यादा जानते हैं क्यों कि आप भी ड्यूरांड लाइन के पास रहने वाले थे। मैं चाहता हूं कि जो आदमी यहां आये हैं और जिनको मदद की जरूरत है उनको मदद दी जाय। कम से कम जो लोग ड्यूरांड लाइन से इस तरफ के रहने वाले थे उनको तो मदद दी जाय। यह मेरा सुझाव है।

आज सुबह मेरे पास एक औरत आयी। उसकी हालत देखकर मुझे बहुत तकलीफ हुई। वह कहने लगी कि मेरे पति को टी० बी० थी और मैं कोशिश करती रही कि उसको किसी अस्पताल में दाखिल कर लिया जाय ; एक महीना, दो महीने, चार महीने, ६ महीने, ६ महीने कोशिश करते करते हो गये। उसके बाद उसे एक अस्पताल में बेड मिला लेकिन उस वक्त उसकी मौत हो चुकी थी। यह बड़े अफसोस की बात है। कहा जाता है कि इस काम के लिए रुपया नहीं है। मैं कहता हूं कि क्यों नहीं यह मिनिस्ट्री इस महकमे को अपने पास रखती अगर आपके पास कोई इस किस्म की दरख्वास्त आवे तो १५ दिन के अन्दर उसका इन्तिजाम हो जाना चाहिए। मैं चाहता हूं कि आप डाइरेक्टली इस महकमें को चलायें जिससे जो टी० बी० का मरीज हो उसका फौरन इन्तिजाम हो सके। गुड़गांवा के सहाना गांव में भी दो टी० बी० के केस हैं। शायद उन को भी मरने के बाद ही बेड एलाट होंगे। इसलिए मैं चाहता हूं कि इस काम को भी यह मिनिस्ट्री अपने हाथ में डाइरेक्टली ले।

एक अमेंडमेंट मैं ५० हजार के बारे में मूव करना चाहता हूं। आपने अरबन एरियाज वालों के लिए यह लिमिट बढ़ाकर २ लाख कर दी है। मेरा कहना यह है कि वे लोग जितने के मुस्तहक हों उनको उतना दिया जाय लेकिन देहाती और शहरी मुआवजा देने के उसूल में कोई फर्क नहीं करना चाहिए। मैं कहता हूं कि यहां पर लोग बड़ी बड़ी कोठियों में रहते है, कारों में घूमते फिरते हैं। अगर आप इन पर पांच दस साल के लिए रिफ्यूजीज के लिए कुछ टैक्स लगा दें तो रिफ्यूजीज भी कुछ समय तक अच्छी तरह रह सकेंगे। लेकिन आप ऐसा नहीं करना चाहते। तो सवाल यह है कि क्या करें। मैं उन भाइयों से प्रार्थना करूंगा कि जिनके क्लेम ५० हजार से ज्यादा हैं, और खास कर मैं बहिनों से अपील करूंगा क्यों कि देवियों के दिल में ज्यादा दया होती है, कि वे अपने भाइयों से और अपने पिता से कहें कि जब तक हमारे गरीब भाइयों को क्लेम नहीं मिल जायेगा हम अपना क्लेम नहीं लेंगे। उनको कहना चाहिए कि पहले हमारे गरीब भाइयों को, जिनका क्लेम १० हजार तक का है, रुपया मिलना चाहिए। हम बाद में लेंगे।

आप ख्याल कीजिए कि जब हमारे भाई पाकिस्तान से आये तो उनको यहां पर ६६ फीसदी जमीन मिली उस जमीन की जो कि वे छोड़ कर आये थे। शहरी भाई ५०० करोड़ की जायदाद छोड़ कर आये थे, उनको यहां १०० करोड़ की जायदाद मिली यानी २० फीसदी। जिसकी जमीन पाकिस्तान में ५०० एकड़ थी उस को एक लाख ७३ हजार से ज्यादा आप नहीं दे सकते। इससे ज्यादा उसको नहीं मिल सकता। इसी तरह से आपको शहरी लोगों के लिए देखना चाहिए और उसी हिसाब से उनकी सीलिंग मुकर्रर करनी चाहिए। अगर आप इसी हिसाब से शहर वालों की सीलिंग मुकर्रर करें तो ५० हजार

[लाला अचिंत राम]

से ज्यादा नहीं मिलना चाहिए। अगर आप ऐसा करेंगे तो कुछ रुपया और सरप्लस हो जायगा और वह छोटे लोगों को मिल सकेगा। आज हो यह रहा है कि जिनको ३ आने मिलने चाहिए उनको ६ आने मिल रहे हैं।

इसी तरह से मैं एक बात ज्वाइंट फैमिली के बारे में कहना चाहता हूं। उनके बारे में आपने यह रखा है कि अगर एक फैमिली में ३ मैम्बर हैं तो दो ले सकते हैं और अगर चार हैं तो तीन ले सकते हैं। आपने सीलिंग दो लाख रखी है। अगर ज्वाइंट फैमिली के दो क्लेम मंजूर होंगे तो वे चार लाख ले सकेंगे और तीन क्लेम मंजूर होंगे तो वे ६ लाख तक ले सकते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि वे ५० हजार से १२ गुना ज्यादा ले लेंगे। आपने सीलिंग तो दो लाख की रखी है मगर इस तरह से वह बढ़ कर दस लाख भी हो सकती है। मैं चाहता हूं कि अगर आप ५० हजार से इस सीलिंग को दो लाख करना ही चाहते हैं तो कम से कम इसका ज्वाइंट फैमिली पर लागू न कीजिये।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : इसका मतलब यह हुआ कि अगर किसी ज्वाइंट फैमिली के मेम्बर्स की तादाद १२ है तो उनमें से हर एक को साढ़े चार हजार से ज्यादा नहीं मिलेगा।

लाला अचिंत राम : अगर किसी आदमी के पास ५०० एकड़ जमीन है तो वह उसकी जिन्दगी में उसी के नाम में रहेगी। लेकिन अगर किसी आदमी के पास १८ लाख या २० लाख की प्रापर्टी है वह आपके कानून के मुताबिक उसकी जिन्दगी में ही दूसरे मेम्बरों को तकसीम हो जायगी। अगर ज्वाइंट फैमिली के हर मेम्बर का अलग अलग क्लेम मंजूर किया जायगा तो हर मेम्बर दो दो लाख तक ले सकता है। इस बारे में मैं ज्यादा बहस में नहीं पड़ना चाहता। मैं चाहता हूं कि आप खुद देख लें क्या करना चाहिए। आज रुपए की दिक्कत है इसलिए आप ज्यादा क्लेम नहीं ले रहे हैं। मैं चाहता हूं कि आप ऐसा रास्ता निकालें ताकि सब के साथ इन्साफ हो सके। ऐसा न हो कि एक तरफ तो दो लाख और चार लाख मिल जाय और दूसरी तरफ लोगों के छोटे क्लेम भी न मिलें।

Shri Nand Lal Sharma (Sikar): I request that I may be allowed at least a few minutes to speak. Other Members have got more time and they have been getting even beyond their own limit.

Mr. Chairman: I think the hon. Member spoke yesterday.

Shri Nand Lal Sharma: Yes, but I have got my own motions.

Others have taken more than fifteen minutes instead of the ten minutes fixed.

Mr. Chairman: It is not a question of apportioning between one Member and another. The whole thing is that we have to finish this discussion by 4 o'clock. The hon. Minister will have to reply to so many points and then again we shall have to take the voting.

So, there is no time. What can I do? There are other Members also who also want to speak and whose names I have got in the list but I could not accommodate them.

3 P.M.

Shri Nand Lal Sharma: You may give me only five minutes and I will finish.

Mr. Chairman: Order, order.

Shri Mehr Chand Khanna: If he wants to speak he can speak after me.

Mr. Chairman: The hon. Minister may speak.

श्री मेहर चन्द खन्ना : जो अमेंडमेंट्स आनरेबुल मेम्बरों ने दिये हैं, उनकी तादाद तो सब मिला कर कोई २५० से भी ज्यादा है। उन पर १२ घंटे के करीब बहस भी होती रहीं है। अब हर एक अमेंडमेंट का तफ़सील से जवाब देना तो इतना आसान नहीं है। मैं कुछ चन्द एक मोटी-मोटी बातें लूंगा। लेकिन, जैसा कि मेरे मुअज़िज़ दोस्त श्री एन० सी० चटर्जी और पंडित ठाकुर दास भार्गव ने कहा था कि अमेंडमेंट्स आपके सामने हैं, गवर्नमेंट के सामने हैं, हमारे लोगों के जज़बात, हमारे लोगों के ख़यालात और ख़ास कर उन दुखी भाइयों की तक़लीफ़ जिन्होंने कि सब कुछ कुर्बान करके आजादी की राह में अपने आप को कुर्बान कर दिया, उन को सामने रखते हुए, अगर यह हो सकता है कि कुछ अमेंडमेंट्स ऐसे हों कि जिनका आप अभी तदारक नहीं कर सकते तो उन पर जरूर ग़ौर करें। अगर आप उनको जायज और मुनासिब समझते हैं, तो हम आपसे यह भी तवक्को करते हैं कि आप-रूल्स की तबदीली करने के लिए एक अमेंड-मेंट बिल लायेंगे और यह हाउस उसमें आपके साथ पूरी तरह कोआपरेट करेगा उन तमाम अमेंडमेंट्स को जो कि सभा में पेश हुए हैं और वे तमाम सुझाव जो कि हमारे सामने आये हैं, मैं और मेरे तमाम साथी उनको बहुत गौर से सोचेंगे और देखेंगे और अगर उनमें हमें कोई ऐसी चीजें नजर आयेंगी जो रह गई हैं, हमारे ख्याल में नहीं आईं, तो यह हमारे ऊपर फ़र्ज आयद होता है कि हम उनकी बाबत सोचें और सोचने के बाद अगर हमें यक़ीन हो जाय कि हमने वाक़ई कोई ऐसी बात की है जो दुरुस्त नहीं है तो उसका कफ़ारा करना हमारा फ़र्ज अव्वलीन हो जाता है।

कल भी इसका जिक्र किया गया और आज भी कहा गया और वह उन मकानों की बाबत है जिनको कि हम नौन सब्सटैंशियल कहते हैं। यह कहा जाता है कि जिस भाई का एलाटमेंट ४ एकड़ से कम था, आपने १० हजार के मकान का जो उसका था, उसका या तो क्लेम ही नहीं लिया और अगर लिया तो आपने उसको मंजूर नहीं किया। इसी तरह ४ एकड़ से ज्यादा हम २० हजार तक की लिमिट तक गये। जनाबवाला, इसका जवाब देना कुछ आसान नहीं है, लेकिन हमें कुछ ५, ६ वर्ष पीछे जाना होगा और इस मामले को जरा ठंडे दिल से सोचना होगा। ५ वर्ष हुए हमने पंजाब में क्वासी परमानेंट (अर्द्धस्थायी) एलाटमेंट के तहत जमीनें एलाट की थीं। उस वक्त यह फैसला हुआ कि सिवाय पंजाबी भाई के और सिवा वह जो कि पंजाबी नस्ल के हैं Those who are punjabis and are of Punjabi extraction, उनको जो जमीन हमारे हिन्दुस्तानी पंजाब में रह गई है, वह उनको एलाट होगी। सिंधी हो, बहावलपुरी हो, बलो-चिस्तानी हो या सूबे सरहद का हो, उस जमीन पर उस भाई का कोई हक़ नहीं होगा। यह स्कीम बनी और इस स्कीम के मातहत जो हमारे पास ऐदादोशुमार है उनसे यह पता चलता है कि हमें तक़-रीबन ६० फीसदी के क़रीब जमीन मिली हमारे हिस्से में कोई ६०, ७० लाख एकड़ जमीन आई। हमने उस जमीन को स्टैन्डर्ड एकड़ में तबदील किया और करीब २४ लाख स्टैन्डर्ड एकड़ हमारे पास बची जो कि हमने पंजाब और पेप्सू के पंजाबी

[श्री मेहरचन्द खन्ना]

भाइयों के दरमियान और पंजाबी नस्ल वाले भाइयों के दरमियान तकसीम कर दी । अगर एक स्टैन्डर्ड एकड़ की कीमत ४५० रुपये तखमीना लगा ली जाय, ४०० या उससे भी थोड़ा कम लगा लीजिये तो अगर आप २४ लाख को ४०० से ज़रब देंगे तो कम से कम १०० करोड़ रुपये की ज़मीन हमने आज से पांच वर्ष पेश्तर पंजाबी भाइयों के दरमियान बांटी, गोया कि जहां तक शहरी स्कीम का ताल्लुक है जिसमें कि वह ३ लाख ९० हजार भाई शामिल हैं और मैं ने कल कहा था कि डेढ़ लाख देहाती भाई उसमें शामिल हैं, वह तो हम आज शुरू करने जा रहे हैं या जिस को कि हम ने मातहत स्कीम के मातहत सन् १९५३ के आखिर में शुरू किया । हमने देहाती भाइयों की जो स्कीम थी, वह आज से पांच वर्ष पेश्तर शुरू की । हमारे भाई सरदार इकबाल सिंह ने कहा कि शहरी दावेदारों और देहाती दावेदारों के बीच में बहुत इमतियाज़ हो रहा है और दहाती भाइयों पर बहुत जुल्म हो रहा है । हां अगर यह कहा जाय कि जो गैर-पंजाबी हैं, उनको आज तक जमीन नहीं मिली और अगर मिली है तो बहुत थोड़ी है तो यह किसी हद तक तसलीम करना पड़ेगा कि जहां एक पंजाबी भाई को आज से पांच वर्ष पेश्तर ज़मीन मिली और आज वह जमीन परमनेंट हो रही है । यह सौ करोड़ की जो कि आरज़ी एलाटमेंट थी, आज मेरे दो मुअज़िज़ दोस्त सरदार उज्जवल सिंह और सरदार हरचरन सिंह मुस्तकिल तौर पर उन भाइयों को दे रहे हैं । उस वक्त अगर हम यह सोचते कि साहब ७० या ८० हजार वे भाई हैं पंजाब और पेप्सू के जिनकी कि दो एकड़ ज़मीन रह गई थी, उनका क्लेम चाहे मेरी गलती से, मेरे महकमे की गलती से चाहे किसी की ग़लती से रद्द हुआ और उनके ख्याल के मुताबिक रद्द नहीं होना चाहिए था, तो उसका बोझा आज उस २४ लाख स्टैन्डर्ड एकड़ पर होता है । आज हमने देहाती क्लेमों को पूरा किया, उसका असर वह जो ७५ परसेंट पंजाब में एलाटमेंट हुआ है, उस पर नहीं पड़ेगा। उसका असर चाहे शहरों पर पड़े, चाहे गवर्नमेंट आफ़ इंडिया के रेवेन्यूज़ पर पड़े, लेकिन उस पर उसका असर नहीं पड़ेगा।

स्कीम हमने बनाई और हमने उसका ऐलान किया और हमने सन् १९५३ में उस आरजी स्कीम का ऐलान किया, आज हम उससे कितना आगे बढ़े हैं । लाला अचिंत राम इससे भले ही इत्तिफाक न करें लेकिन पंजाब में ये मिसालें मौजूद हैं कि एक बाप और उसके चार बेटों को पांच हिस्सों में ज़मीन बांटी है। अगर वह नाम जानना चाहेंगे तो मैं प्राइवेटली उन को उनके नाम बतला दूंगा यह नहीं किया कि बाप का एक हिस्सा और जो चार उसके जवान बेटे हैं और जो बड़े हैं उनको हमने इगनोर कर दिया हो, उनके क्लेम को हमने रद्द नहीं किया। लेकिन अगर यह असर उस जमीन पर पड़ता तो यह होता कि आज जो ६६ फीसदी हैं वह ६६ फीसदी न होते, ४० फीसदी होते, ४५ फीसदी होते, ५० फीसदी होते, यह मैं नहीं कह सकता हूं । तो आज जो मुश्किल हो रही है और यह कहा जा रहा है कि इस पर जुल्म हुआ है या उस पर जुल्म हुआ है, तो उस जुल्म को ठीक करने का एक ही तरीका है और वह यह है कि जो एलाटमेंट्स आज मुस्तकिल हो रहे हैं साढ़े चार लाख भाइयों के उनके बारे में मैं यह हुक्म दे दूं कि उसको बन्द कर दो और देखो कि कहां कहां तकलीफ हुई और कहां कहां किस भाई की

नुकसान पहुंचा और फिर एक तराजू लेकर एक शरीफ इन्सान की तरह तोलूं और तोलने के बाद जैसा जैसा किसी को हिस्सा मिलता है वैसा वैसा हिस्सा उसको दूं। लेकिन हम तो पांच बरस आगे आ चुके हैं और जिस भाई को हमने १० एकड़ जमीन दी, २० एकड़ जमीन दी उस बेचारे ने उस पर अपना खून लगाया है, उसमें उसने अपना पसीना बहाया है। उसने कर्ज लेकर ज़मीन को जमीन बनाया और आज पंजाब जो कि डेफिसिट प्राविंस था आज हमारे लिये एक सरप्लस प्राविंस है। तो क्या आज पांच बरस के बाद हम यह करें कि जो आदमी १० एकड़ का हक़दार था और उसको अगर १३ एकड़ मिली जिस के लिये उसने कर्जा उठाया और उसको आज मैं यह हुक्म दूं कि उस से तीन एकड़ वापस ले लो तो मैं बताना चाहता हूं कि यह नहीं हो सकेगा। हम ऐसा नहीं कर सकेंगे। आप चाहे इसको 'रफ एंड रेडी जस्टिस' कहें और चाहे आप यह कहें कि साहब एक पंजाबी भाई को ज्यादा ज़मीन मिल गई और दूसरे के साथ बेइंसाफी हुई, मैं इसको मानता नहीं हूं।

सरदार इकबाल सिंह : मकानों के बारे में तो आपने यह किया है ....

श्री मेहर चन्द खन्ना : ज़रा सुन लीजिये, आपका मकानों का सवाल है उसके बारे में भी मैं जवाब दूंगा।

जो आर्जी स्कीम थी, चेयरमैन साहब, मेरे मुअज़्ज़ज़ दोस्त, ठाकुर दास जी, अचिंत राम जी, सुचेता बहन, ये सब जानते हैं और उनको मालूम है कि जो पूल उस वक्त था वह पूल आज उतने का उतना है, शायद बढ़ा नहीं है, कम होने का सवाल ही पैदा नहीं होता, लेकिन इतना भी जरूर है कि वह बढ़ा नहीं है। बढ़े किस तरह कि हमने फैसला किया कि साहब जायदाद नीलाम नहीं होगी दस हज़ार तक और ११० करोड़ की जायदाद जो है हम अपने रिफ्यूजी भाइयों को जो कि ९३ फीसदी तक बन जाते हैं हम रिज़र्व प्राइस पर एलाट कर देंगे। तो जनाबेसदर, यह रुपया कहां से आयेगा। पहले तो कहा गया कि साहब मैं बचाना चाहता हूं, नीलाम करना चाहता हूं ताकि पूल बढ़े। इसके बारे में तो आपने मेरे हाथ जो थे वह बांध दिये हैं, वह बन्द कर दिये हैं। कहा जाता है कि ए के पास गए बी के पास गये, लिख कर भी दिया लेकिन मैं तो कहना चाहता हूं कि कोई भी नई चीज़ मेरे सामने कभी नहीं रखी गई। लेकिन आज गवर्नमेंट आफ इंडिया क्या करती है। आप के कहने पर, आप के ज़ोर पर, वह जोर जिस से कि मुझे स्टरेंग्थ मिली, आज मेरी दो चार या पांच चीज़ें मानी गई हैं और उसका जो फाइनेंशल असर पड़ेगा, आज उसके बारे में मैं खुले अल्फाज़ में कुछ कहना नहीं चाहता हूं। यह जो देहाती क्लेम हैं यह आपके १८५ करोड़ में से ४० करोड़ से ज्यादा के हैं। लेकिन यह एक बड़ा मुश्किल सवाल है और मेरे लिये आज यह कह देना कि चूंकि मैं ने पहले जो १० चीज़ें मेरे सामने पेश की गई थीं उनको मैंने मान लिया और अब जो यह ग्यारहवीं चीज़ पेश की जा रही है इसको भी मान लिया जाये, जिन को हिसाब से कुछ ज्यादा जमीन मिल गई है उनसे वह वापिस ले ली जाये और उन को यह नहीं मिलनी चाहिये थी, इन चीजों को हल करना मुझे इतना आसान नज़र नहीं आता जितना कि कुछ लोग समझते हैं। मैं तो इसे काफी मुश्किल समझता हूं।

सरदार इकबाल सिंह अपनी सीट में नहीं हैं। उन्होंने बड़े ज़ोर के साथ कहा कि दुनिया में कंसालिडेशन आफ होल्डिंग्ज़ का उसूल है लेकिन यह एक ऐसी नाकारा मिनिस्टरी है कि यह फ्रेगमेंटेशन करती है।

[श्री मेहर चन्द खन्ना]

एक आदमी जिस को कि ५० एकड़ जमीन मिलनी है उसके बारे में कहा गया है कि फलां रूल के मुताबिक हम ३० एकड़ से ज्यादा नहीं देंगे और यह नहीं करेंगे और वह नहीं करेंगे। जनाब चेयरमैन साहब इसकी वजह साफ है। अगर मेरे पास एक देहाती पूल होता, उसमें पंजाबी और गैर-पंजाबी का इम्तियाज न होता, डिस्टिंकशन न होती, मैं सब भाइयों के क्लेम लेकर जो जो भी जिस के हिस्से में आता बांट देता। लेकिन सिंध, बलोचिस्तान, बहावलपुर और सरहदी सूबे के आदमी जिन के क्लेम तकरीबन नौ लाख स्टेंडर्ड एकड़ के हैं, उनके लिये हमारे पास जमीन नाकाफी है और जो है भी, उसके लिये कभी तो राजभोज साहब बड़े जोर से अपील करते हैं और कभी दूसरे भाई जो राजस्थान से आते हैं वह यह कहते हैं कि वह आदमी जिस की पाकिस्तान में भी कोई जमीन नहीं थी, उसको मत उठाना उससे एक पैसा भी मत लेना। यह जमीन तो उसके पास रहे और परमात्मा के आसमान से हम कहें कि जमीन पैदा कर दो। आज मैं मजबूर हूं, इस लिये नहीं कि मैं देना नहीं चाहता, मैं तो खिदमत गुजार हूं, जब तक यह मिनिस्टरी कायम है, हमारा फ़र्ज खिदमत करना है और हम खिदमत करेंगे, लेकिन अगर मेरे पास जमीन है नहीं तो मुझे बताइये मैं क्या करूं। ऐसी सूरत में अगर यह कहा जाये कि एक को तो ४०, ५० या ६० एकड़ जमीन दे दो और बाकियों को कुछ न दो तो इसके लिये तो मुझे शक है कि मेरे भाई अचिंत राम जी इसको मानें और यह कहें कि ऐसा कर दो। वह तो कहते हैं कि जो छोटे हैं उनको पहले दो, जो दौलतमन्द हैं जो अमीर हैं, वह तो कुछ अर्से तक इंतजार कर सकते हैं। इसलिये हम हालात से मजबूर हैं और हम आज उस भाई को जिस को कि हमने ३० एकड़ से ज्यादा जमीन देनी है, दे नहीं सकते हैं। उसको मजबूरन इंतिजार करना पड़ेगा। अगर आप जो कि तमाम हिन्दुस्तान के सूबों के नुमाइंदे हैं, यहां पर बैठे हुये हैं, आप यह करें कि जो जमीनें उन लोगों के पास हैं जो कि हिन्दुस्तान के बाशिन्दे हैं या जो जमीनें उन के पास हैं जो कि उनके मालिक नहीं हैं, उन के बारे में आप रियासती सरकारों को कहें कि यह जमीनें उन से वापस करवा दें तो मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि यह जो तीस एकड़ का मामला है यह बहुत ही जल्द हल हो जायेगा। मुझे उम्मीद है कि जिस तरह से और अपना दिल खोल कर आपने अपनी जबान खोली है, उसी तरह जोर लगाकर आप यह बात स्टेट गवर्नमेंट्स को कहेंगे कि साहब गरीब रिफ्यूजी हैं, जो जमीनें हिन्दुस्तान के भाइयों के पास हैं इनको अगर वापस करवा दें तो जैसा मैंने कहा कि यह मसला खत्म हो सकता है।

श्री पी० एन० राजभोज : अमल में लाना आप के हाथ में है।

श्री मेहर चन्द खन्ना : एक बात ौर है, जिसके मुताल्लिक मैं कुछ कहना चाहता हूं। वह यह है कि कहा जाता है कि तुम बहुत जुल्म कर रहे हो, अगर एक भाई जमीन नहीं लेना चाहता है, जो लैंड एलाटमेंट नहीं लेना चाहता है, तुम यह क्यों करते हो कि उसका क्लेम जायल हो जाय? चाहे वजूहात कोई हों और कितनी हों, लेकिन एक वजह साफ़ है। अगर आज सिन्ध, बहावलपुर, सरहद और बलोचिस्तान का भाई एक पंजाबी भाई के हिसाब से, जहां कि मुमकिन है वह उतनी जमीन का हकदार न हो, हम से ७५ फ़ीसदी जमीन लेना चाहता है, तो पंजाबी के एडवान्टेजिज के साथ ही साथ उसकी डिसएबिलिटीज भी उसको लेनी पड़ेंगी। पंजाब में शुरू से जो स्कीम बनी, वह यह थी कि जो आदमी एलाटमेंट

रेफ्यूज़ करेगा, उसकी एलाटमेंट ज़ायल हो जायगी। आज अगर मैं सिन्ध के लिये जिसके लिये चोयथ राम जी हमेशा बड़ी मुहब्बत और प्यार से ज़ोर डालते हैं, एक सहूलियत मुहैया कर दूं, तो आप जानते हैं कि पंजाब में जो हालत पहले हो चुकी है, उसमें मेरी पोज़ीशन क्या होगी ? मैं यह नहीं कर सकता कि अलिफ़ के लिये जो रेंफयूजल हो, वह तो कैन्सेलेशन हो और बे के लिये रेफ़यूज़ल हो, वह आप्शनल हो।

श्री गिडवानी : हालात भी तो कुछ मुख्तलिफ़ हैं।

श्री मेहर चन्द खन्ना : मैं जानता हूं कि आप भी मेरी ही तरह भूखे हैं और प्यासे हैं। जो ज़मीन आप को पांच छः बरस पहले मिलनी थी, वह नहीं मिली, लेकिन उसका जवाब यह नहीं है कि आपके लिये नया कानून हो और पंजाब के लिये नया कानून हो। यह बात यह मिनिस्ट्री नहीं कर सकती है। यह मैं कह सकता हूं कि हम को नहीं करना चाहिये था। हम ने देरी की। हम अपनी गलती का एतराफ़ करेंगे, लेकिन यह नहीं हो सकता है कि चूंकि देरी हुई है, इस लिये आप के लिये यार्ड-स्टिक अलाहिदा हो। यह काम मिनिस्ट्री नहीं कर सकती है। हम अपनी पोज़ीशन डिफ़ैंड नहीं कर सकते कि रेफ्यूजी और रेफ्यूजी के दरमियान इन्टर-सी इन्साफ़ होगा, अगर हम यह काम करें।

गंगानगर का जो सवाल है, उसके मुताल्लिक श्री ठाकुर दास भार्गव ने फ़रमाया कि ....

श्री गिडवानी : कम से कम वह तो करिये, जो अर्बन वालों के साथ करते हैं।

श्री मेहर चन्द खन्ना : गंगानगर का जो सवाल है, उसकी तवारीख में मैं नहीं जाना चाहता हूं। पहली बात यह है कि जब पंजाब और पप्सू का सूबा एक पंजाबी भाई के लिये और पंजाबी नस्ल वाले भाई के लिये खास तौर पर मखसूस किया गया, लेकिन गंगानगर, मुज़फ्फ़रनगर और दिल्ली में भी बड़े बड़े भाई आए। मैं नाम नहीं लेना चाहता हूं, लेकिन उन्होंने बड़ी बड़ी ज़मीनें ली हैं। अव्वल तो उनको मिलनी ही नहीं चाहिए थी, पर, साहिबे सदर, अगर उन्होंने गंगानगर में ज़मीन ली है और पंजाब में उनको कोई लैंड एलाट नहीं हुई है, अगर हमारे रूल्ज़ से वह कैन्सल हो गई, तो यह गलती है। मैं इस बात का एतराफ़ करता हूं और कहता हूं कि अगर गंगानगर का एक भाई, जिसके पास डबल एलाटमेंट नहीं है, वहां बैठा हुआ है, उसको हम वहां से उठायेंगे नहीं, उसकी ज़मीन जो पंजाब में थी, वह किसी दूसरे भाई को मिलनी चाहिये थी, जो कि गैर-पंजाबी था, उसको हम नहीं हटायेंगे और अगर ज़रूरत हुई तो रूल्ज़ में भी तबदीली करेंगे, लेकिन जो भाई पांच सात बरस से बैठा हुआ है, उसको उजाड़ेंगे नहीं। जो ज़मीन है, वह उसको देंगे। अगर ज्यादा है, तो हम सोचेंगे कि शायद अब घटाना तक्लीफ़देह हो और वह कीमत अदा कर दे। मैं उसको कह सकता हूं कि चूंकि दूसरा भाई भूखा है, इस लिये इस ज़मीन को मुझे दे दो, लेकिन चूंकि वह देर से बैठा हुआ है, इसलिये उसको बैठे रहने दिया जायगा और अगर ज़रूरत हुई, तो उससे कीमत ले ली जायगी।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : उसके पास पंजाब में जो ज़मीन है, उसको वापिस लीजिए और औरों को दीजिए।

श्री मेहर चन्द खन्ना : प्रापर्टी का सवाल दूसरा है। कल तो यहां पर ज़ोर यह था कि दस हज़ार तक चलो। आज जो ज़ोर

[श्री मेहर चन्द खन्ना]
है, वह हजारों पर नहीं है, लाखों पर है। ९३ परसेंट प्रापर्टी तो कल इम्मोबेलाइज हो गई। आज बकाया ७ परसेंट के बारे में यह कहा जाता है कि जो भी वहां बैठा है, वह बैठा रहे, रिजर्व प्राइस मुकर्रर कर दो। कौन करे? मकान हैं, जिनकी कीमत दो, चार, छः और आठ लाख रुपये तक है। सी० पी० डब्ल्यु० डी० पर आप को एतबार नहीं है और मेरे महकमे पर भी कोई खास एतबार नहीं है। तो फिर उसकी कीमत कौन मुकर्रर करे? मैं खुद कीमत मुकर्रर करने से डरता हूं, क्योंकि एक कमजोर इन्सान हूं, गरीब हूं, इतना बड़ा भारी बोझ कैसे उठाऊंगा। दो, चार, दस हजार का हुआ, तो उठा लूंगा। साहिबे सदर, जब उम्र का तकाजा होता है, इन्सान बूढ़ा होता है, तो जितना बोझ एक कंधा उठा सकता है, उतना वह उठा सकता है। एक जमाना था जब कि लाखों का बोझ उठा लिया करते थे। अब तो सैकड़ों का भी बोझ उठाना मुश्किल और तक्लीफ़देह नजर आता है। हमारी मिनिस्ट्री का यह फैसला है कि जिस की कीमत दस हजार से ज्यादा है, उस जायदाद को हम नीलाम करेंगे। नीलाम में हर एक शख्स को हक है—चाहे वह शहरी हो या देहाती, चाहे हिन्दुस्तानी हो या पुराना पाकिस्तानी—कि वह उस जायदाद को खरीद सके। पुराना पाकिस्तानी मैं हूं। हम नये पाकिस्तानी को इजाजत नहीं देंगे, वह तो हिन्दुस्तान का नैशनल नहीं है।

कहा जाता है कि आक्शन जरूर करा लो, लेकिन आखिरी बोली जो वहां बैठा है, उस को दे दो। आप सोचिये कि क्या यह प्रैक्टिकल प्रपोजीशन है? क्या वह आक्शन होगी? क्या वह एक मजाक और एक फ़ार्स न होगा? अगर एक आदमी को मालूम होता है कि जो वहां पर बैठा हुआ है और आम तौर पर रेफ्यूजी भी है, आखिर में तो मिलकियत तो उसकी होगी, अगर वह लेना चाहे तो बोली देने के लिये और गाली खाने के लिये बहुत से लोग तैयार नहीं होंगे। एक बड़ा भारी पूल तो इम्मोबिलाइज हुआ। अब उसको फरदर डिप्रेस करना चाहते हैं। पैसा जो भी आयगा, आक्शन से, वह मिलना तो रेफ्यूजी को है। गवर्नमेंट आफ़ इंडिया की वेज एन्ड मीन्ज की पोजीशन इम्परूव नहीं हो रही है। अगर कोई धनाढ्य आता है, चाहे वह हिन्दुस्तानी है और चाहे रेफ्यूजो—बहुत से रेफ्यूजो हैं, जिन्होंने यहां आ कर परमात्मा की कृपा से दो पैसे बनाये हैं, और बहुत से ऐसे हैं, जिनकी हालत अच्छी नहीं है—वह खरीद ले। हम को कोई इन्कार नहीं है, लेकिन जनाब वाला, मैं बड़े अदब से आपको खिदमत में और इस ऐवान की खिदमत में यह जरूर अर्ज करूंगा कि आप हमें इस परीक्षा में न डालिये। यह जो ट्रायल है, यह हमारे लिये बहुत मुश्किल है। यह रास्ता आसान नहीं है, तक्लीफ़देह है। इसमें बहुत सो दुश्वारियां हैं, जिनका जिम्मा हम बतौर मिनिस्ट्री मौजूदा हालात में उठाने के लिये तैयार नहीं हैं। इसके साथ एक दो बातें और भो शामिल हैं। कहा जाता है कि मेरे प्रेडिसेसर ने किसी वक्त ऐवान में कहा था कि वह किसी रिफ्यूजी को नहीं उठायेंगे, जहां वह बैठा है बैठा रहे। यह बात ठीक होगी, दुरुस्त होगी। उसका ताल्लुक आया एलाटेबिल प्रापर्टी से था या तमाम प्रापर्टी से था इसका मुझे कुछ इल्म नहीं है। लेकिन हमने भी एक चोज की है। सुचेता बहिन ने भी बड़े जोर से अमेंडमेंट दिये

हैं और भी भाइयों ने अमेंडमेंट दिये हैं, लेकिन उसकी तरफ किसी की तवज्जह नहीं गयी। मेरा मतलब ३२ बी० से है। इसमें हमनें कहा है कि अगर एक भाई पांच हजार के मकान में बैठा है, उसका कम्पेन्सेशन उसके निस्फ से भी कम है, और वह पैसा नहीं दे सकता, तो दो चीज़ें हैं। एक तो यह है कि जो उसूल हमने बनाया है, चाहे वह ५० परसेंट का हो, या २५ परसेंट का हो, उसके मुताबिक वह रुपया दे दे और वह बैठा रहे। अब मान लीजिये कि वह मकान दस हजार रुपये का है और बदकिस्मती से उस भाई की इतनी हैसियत नहीं है कि वह उतना रुपया दे सके, तो दूसरी सूरत यह है कि हम उससे कहते हैं कि हम आपको कम मालियत का मकान देने के लिये तैयार हैं। अब अगर किसी का क्लेम भी कम हो और जिस मकान में वह बैठा है वह दस हजार का हो, उसकी वह कीमत भी देने के लिये तैयार न हो, तो ऐसी हालत में किसी भी मिनिस्टर के लिये यह बहुत टाल कमिटमेंट होगा अगर वह कहे कि उस भाई को उसी मकान में रहने दिया जायेगा। मेरी समझ में नहीं आता कि उस वक्त मेरे प्रेडिसेसर के दिमाग में क्या बात थी। इसका ताल्लुक फाइनेन्स से बहुत ज्यादा है। जैसा कि मैंने कल अर्ज़ किया था, मुझे फाइनेन्स मिनिस्ट्री से अपनी स्कीम को इम्प्लीमेंट करने के लिये क्रेडिट लेना है। लेकिन आप मुझे अपने क्रेडिट को चीप करने को कह रहे हैं। अगर आप मेरे क्रेडिट को बिल्ड आप करें तो शायद कोई मेरे मुंह को देखे, मेरी शक्ल को देखे, मेरे ऊपर कुछ ऐतबार करे और इस तरह से मुझे कुछ रुपया मिल जाय। तो आप मेरा क्रेडिट बिल्ड करने की कोशिश कीजिये। हम किसी आदमी को उजाड़ना नहीं चाहते अगर वह एलाटेबल प्रापर्टी में बैठा है, चाहे वह मकान हो या दुकान हो। लेकिन उसके लिये हमने अपने सामने एक उसूल रख लिया है। लेकिन आज मैं ने एक अजीब बात सुनी। हमारे चौधरी साहब ने फरमाया कि जो किराया आज तक किसी के जिम्मे है उसको छोड़ दो, उसको न लो। अब एक भाई जो कि आज तीन चार बरस से बराबर किराया देता आ रहा है, उसके लिये तो उन्होंने कोई सिफारिश नहीं की है। लेकिन जो डिफाल्टर है उसके लिये वह कहते हैं कि इससे किराया वसूल मत करो। यानी वह डिफाल्ट पर प्रीमियम प्लेस करना चाहते हैं। यह ऐक्ट तो ऐवान ने बनाया है। मुझे उसके मुताबिक काम करना है। यह मेरे लिये इनकमबेंट है।

Shri N. B. Chowdhury: He has already realised a heavy amount.

Shri Mehr Chand Khanna: It is not going to East Pakistan.

It will be paid to the displaced persons from West Pakistan.

Shri N. B. Chowdhury: I refer to Batala engineering concerns.

Shri Mehr Chand Khanna: I have spent 7 years of my life here; every brick that has been laid in Delhi has been laid, not literally, not physically, but in a metaphorical sense, with my hands. There is hardly any case in Delhi, the history of which I do not know. Therefore, you will be at a disadvantage in quoting certain facts, because you are not fully conversant with them.

तो मैं अर्ज कर रहा था कि यह कैसे हो सकता है कि एक भाई से तो ले लिया जाय और दूसरे को छोड़ दिया जाय। यह कैसे हो सकता है कि जो पब्लिक ड्यूज़ मुझे ऐक्ट के मातहत वसूल करने हैं उनको छोड़ दिया जाय। यह नहीं हो सकता।

अब इसके साथ एक चीज़ और आती है। कहा गया कि साहब, जो आपने कर्जे दिये हैं वह न लिये जायें, जो आपने एजूकेशनल लोन दिये हैं वे भी माफ कर दिये जायें।

[श्री मेहर चन्द खन्ना]

एक तरफ तो आपने १८५ करोड़ का हिसाब किया और उसमें से ३५ करोड़ कर्ज मेरे खाते में डाल दिये। अब आज कहा जाता है कि उसको माफ कर दिया जाय। चौधरी साहब से मैं ने पूछा था कि लोन की क्या डेफीनीशन है और ग्रांट की क्या डेफीनीशन है। वह मुझे अभी तक उन्होंने नहीं बतलाई। मैं लोन के भी माने जानता हूं और ग्रांट के भी माने जानता हूं। अगर एक आदमी ने लोन लिया है तो उसे वह वापस करना है। यह मैं मानता हूं, जैसा कि श्री चोइथराम गिडवानी ने कहा है, कि अगर अलिफ ने लोन लिया है तो हम ऐसी ही कोशिश करेंगे कि उसको अलिफ से ही वसूल किया जाय। और अगर अलिफ से वसूल नहीं होता है तो हम उसी हालत में उसके गारंटर बे के पास जायेंगे। हम पहले बे के पास नहीं जायेंगे।

अब ऐजूकेशनल लोन्स हैं। ऐजूकेशनल लोन्स की पोजीशन यह है कि जहां तक नान क्लेमेंट्स का ताल्लुक है उनके ऐजूकेशनल लोन और अरबन लोन जो कि ३०० तक के हैं उनको हमने माफ कर दिया है। ऐजूकेशनल लोन दो तरह के हैं। एक तो वे हैं जो छोटे छोटे हैं, यानी सौ रुपये के, ढाई सौ रुपये के या चार सौ और पांच सौ रुपये के, और दूसरे बड़े लोन हैं जो कि लोगों ने अपने बच्चों को अमरीका और इंगलैंड में तालीम दिलवाने के लिये हैं। ये बड़े लोन पच्चीस पच्चीस और तीस तीस हजार के हैं। यह रुपया भी ३५ करोड़ में शामिल है। मेरे ख्याल में उसके लिये तो आज तक किसी ने आवाज नहीं उठाई है क्योंकि वह बड़ी रकम है। जैसा कि मैं ने आप से कहा नान क्लेमेंट्स के छोटे छोटे एजुकेशलन लोन्स को हम ने माफ कर दिया है। जो क्लेमेंट्स के ड्यूज में हैं उन में हम ने उनके लोन्स को एडजस्ट कर दिया है। इतना ही नहीं। हम एक कदम और आगे गये हैं। अगर ड्यूज में एडजस्ट करने के बाद भी किसी भाई के जिम्मे कोई रकम बाकी रहती है तो उसको भी हम छोड़ने के लिये तैयार हैं।

हम से कहा जाता है कि मकानों को तो बेचो मत, उनके लिये रिजर्व प्राइस मुकर्रर करो। यह ठाकुर दास जी का फार्मूला मुझे भी अपील करता है। लेकिन जैसा मैं ने कल अर्ज किया था, ऐवान में कुछ गलतफहमी है। मान लीजिये कि एक मकान है वह ९००० में बिका। मान लीजिये कि उसमें दो हजार रुपया जमीन का है और ७ हजार रुपया इमारत का है। लेकिन जो कोने वाला मकान है उसमें जमीन ज्यादा है। तो जहां एक भाई को दो सौ गज जमीन मिलती है वहां दूसरे को ३५० या ४०० गज जमीन मिल जाती है। तो यह तो टाउन प्लानर्स का काम था कि किस मकान में कितनी जमीन रखी जाय। अब अगर जिसको दो सौ गज जमीन मिलती है उससे भी वही कीमत ली जाय और जिसको ४०० गज जमीन मिलती है उससे भी वही कीमत ली जाय तो देखिये कि क्या हालत होती है।

पंडित ठाकुर दास भार्गव: यह हमने नहीं कहा।

श्री मेहर चंद खन्ना: तो इस वजह से कीमत में फर्क पड़ सकता है।

कल मैं ने अर्ज किया था कि पहिले तो जो हमने जमीनें दी थीं वे ९९ साल के लीज पर दी थीं। उनका काफी ग्राउंड रेंट था जो कि दो सौ गज के लिये ७५ रुपया होता था। और अब हम तकरीबन फ्रीहोल्ड राइट्स दे रहे हैं जहां २०० गज का ७५

रुपया ग्राउंड रेंट होता था वहां अब २ रुपया होगा, ३०० गज का ३ रुपया होगा और ४०० गज का ४ रुपया सालाना होगा। यह सिर्फ एक नोशनल और नामिनल रेंट होगा।

वह जो उसका एफ़ैक्ट है, इन टर्म्स आफ़ मनी, उसको हमने कैपिटलाइज़ किया और कैपिटलाइज़ करने के बाद अगर एक की १४ रुपये जमीन है तो मुमकिन है दूसरे की २३ हो, २४ हो या २२ हो, वह जरूरी बात थी और उसको बढ़ाना एक ऐसी बात थी जिसके लिये यह नहीं कहा जायेगा कि हमने नाजायज़ तौर पर ली।

एक चीज़ और है जिसका कि उसके साथ ताल्लुक है और वह कैटेगराइज़ेशन है। अब हमने इसको क्यों किया? हमने ए०, बी० और सी० यह तीन कैटेगरीज़ बनायीं और यह किया कि जो कोलोनी शहर के दरमियान मौजूद है, उसको हमने ए० बनाया और जो कुछ शहर से थोड़ी दूर है उसको हमने बी० बनाया और जो शहर से काफी दूर है उसको हमने सी० बनाया और ऐसा इसलिये बनाया ताकि जो हमारा भाई शहर में बैठा है उससे कुछ ज्यादा रकम वसूल हो जाय ताकि दूसरे भाई को जिसने कि क्लेम लेना है, उसको उसका क्लेम मिल जाय, तो हमने कोई ऐसी गलत बात नहीं की। हम यह नहीं कर रहे कि कैटेगराइज़ेशन से हम उसकी कीमत बढ़ा रहे हों, ऐसा तो हमने नहीं किया। क़ीमत तो रिफ्लेक्ट होती है मार्केट वैल्यू से और मार्केट वैल्यू रिफ्लेक्ट होती है लोकेशन से। अब जो जायदाद पलवल में है, उसकी ज़मीन की क़ीमत १ रुपया या दो रुपया गज है और जो इस भाव पर शायद उसको कोई लेने वाला न हो। देहातों में रोज जायदादें बिकती हैं और आप जानते हैं कि उनकी क्या क़ीमत लगती है और वह किस तरह बिक रही हैं। तो हमने कैटेगराइज़ेशन इस लिहाज़ से नहीं किया कि किसी को तक़लीफ़ हो, हमने तो ऐसा इस लिहाज़ से किया कि जो अच्छी चीज़ लेता है वह उसकी क़ीमत जितनी जल्दी हो सके वह दे और जो दूर बैठा है और जिसको शहर में आने और अपना कामकाज करने के लिये मुश्किलें और तकलीफ़ात हैं और जिसको कि पैदल आना पड़ता है या तो वह बस पर आता है या जिसकी कि वजह से अख़राजात कुछ ज्यादा होते हैं और इस चीज़ को मद्दे नज़र रख कर मिनिस्ट्री ने कैटेगराइज़ेशन का यह क़दम उठाया है।

अब जहां तक लीगल प्रैक्टीशनर्स का सवाल है, उस पर इस हाउस में बड़ा ज़ोर दिया गया है। मैं श्री यू० एम० त्रिवेदी साहब को ज़ाती तौर पर नहीं जानता। मुझे मालूम नहीं कि वह वकील हैं या नहीं, यहां आज मालूम पड़ा कि वह बहुत अच्छे बैरिस्टर हैं। जब से मैं हिन्दुस्तान में आया नौकरी करता रहा और इस मुक़द्दमेबाज़ी के चक्कर में पड़ा नहीं, मुकद्दमे वाली चीज़ तो मैं पेशावर छोड़ आया। अगर जायदाद वगैरा का कुछ चक्कर होता तो किसी वकील साहब के पास जाता और उनकी कुछ राय मशविरा वगैरह लेता। वह तो कुछ झगड़ा बाक़ी रहा नहीं है। यहां मेरे घर का दरवाज़ा दिन को भी खुला रहता है और रात को भी खुला रहता है, कुछ होगा तो ले जायेगा, उसकी तो कुछ फिक्र भी नहीं है, फिक्र होगी तो यहां के भाइयों को होगी जो कि बड़े बड़े सेठ लोग हैं, तो हमें तो वकील की कोई ज़रूरत ही नहीं रही। श्री एन० सी० चटर्जी को मैं बहुत दिनों से जानता हूं। मैंने उन्हें इसलिये इससे दूर नहीं रक्खा कि मुझे वकीलों से कुछ अदावत है। वकीलों का तबक़ा तो एक इम्पार्टेंट ऐस्पेक्ट आफ़ सोसाइटी है और उनका होना बहुत ज़रूरी

[श्री महर चन्द खन्ना]

है। ऐसी बहुत सी चीजें आती हैं और खास कर हमारे लेजिस्लेचर में ऐसे मामले आते हैं जो कि एक मामूली आदमी के लिये समझना बहुत मुश्किल होते हैं और ऐसे मौकों पर हमारे वकील साहबान की मदद और मशविरा जरूरी होता है। हमने अपने दिल में सोचा कि वकील साहबान के लिये तो काम करने के लिये बहुत से सीगे हैं, हिन्दुस्तान बहुत बड़ा मुल्क है, यहां पर हजारों रोजाना मुकद्दमे चलते रहते हैं और उन में वकीलों की जरूरत पड़ती ही है, इसलिये अगर हो सके तो इन रेफ्यूजीज भाइयों को वकीलों के पास जाने से बचा लिया जाय . . . .

श्री गिडवानी : जाते तो फिर भी हैं।

श्री मेहर चन्द खन्ना : इसके अलावा हमारा और कोई इरादा नहीं था। हमारे रेफ्यूजी भाई पहले ही बहुत गरीब हैं और अगर वकीलों के पास पहुंचे तो उनको और भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा और उलझ कर रह जायेंगे, ऐसा सोच कर हमने वकीलों को इससे अलग रखा है। अभी जो हमारे श्री यू० एम० त्रिवेदी सामने से आ रहे हैं मैं उनकी कद्र करता हूं। मैं श्री एन० सी० चटर्जी की कद्र करता हूं और दीगर और जो तमाम लोग वकालत का पेशा करते हैं, मैं उनकी कद्र करता हूं और मैं समझता हूं कि वे लोग मुल्क की खिदमत कर रहे हैं। मेरे नजदीक कोई ऐसी चीज नहीं थी जो हम उन से छिपाना चाहते थे। अब आपने जो यह फरमाया कि वकील जब पहली मर्तबा आ सकता है तो उसके बाद अपील और रिवीजन में क्यों न जाय, तो इसके मुताल्लिक मैं देखूंगा। इस वक्त जो फीलिंग है वह यह है कि जब मामला अपील का आता है या रिवीजन का आता है उसमें वकील साहबान को इजाजत देना चाहिये कि जो रेफ्यूजीज ऐसी तकलीफ़ में है, उसको उनकी खिदमत की जरूरत है तो वह उनकी खिदमात से मुकम्मिल तौर पर फ़ायदा उठा सके। अब दो चीजें और रह गई हैं। एक तो आर० एफ० ए० लोन्स के बाबत है और दूसरी ज्वाइंट हिन्दू फैमिली के लीगल ऐस्पेक्ट के बारे में है। जहां तक आर० एफ० ए० लोन्स का ताल्लुक है अगर यह तजवीज किसी और भाई या बहन की तरफ से आती जिसका कि आर० एफ० ए० से ताल्लुक नहीं है तो शायद मैं इसको समझ भी सकता लेकिन इस तजवीज को करने वाली और कोई नहीं खुद मेरी बहन श्रीमती सुचेता कृपलानी हैं और वे कहती हैं कि साढ़े सात करोड़ या आठ करोड़ रुपया जो कि आर० एफ० ए० की तरफ से और दूसरे मेम्बरों ने बांटा है उसको आप दस, या पन्द्रह वर्ष में वसूल करें लेकिन जिसने कि आज कम्पेन्सेशन लेना है उसको आप आज पे कर दें और आपका सुझाव था कि इंस्टालमेंट की सूरत में पबलिक डेट को एडजस्ट कर लें और बाक़ी को रहने दें, तो बहन जी, यह चीज तो नहीं होने वाली है। मैं यह चीज मानने को तैयार हूं कि अगर एक भाई ने आर० एफ० ए० से दस हजार रुपये का कर्जा लिया है और उसका क्लेम ६ हजार रुपये बनता है तो जहां ४ हजार रुपये बक़ाया होता है, उसकी जो किस्तें पहले थीं वह तो अब भी रहेगी लेकिन जो ६ हजार रुपया उसके पास है, अगर उसनें क्लेम लेना है तो कोई वजह नजर नहीं आती कि वह उससे क्यों न काटा जाय। हमारा यह भी इरादा है कि पहली अक्तूबर के बाद यानी १०, १२ दिनों के बाद आर० एफ० ए० के जितने लोन्स आज क्लेमेंट रेफ्यूजी भाइयों के दिये हुये हैं, उसके ऐडजस्टमेंट के बाद उनका कोई सूद नहीं होना चाहिये। जिस हद तक कि उसका

लोन पबलिक डेट की हैसियत से ऐडजस्ट हो सकता है उस हद तक हम ऐडजस्ट करेंगे और जो उसकी किस्तें बनती हैं वह भी न दें और जो भी उसका सूद बनता है वह भी न दें, मगर जो बाकी रुपया है उसमें हम कुछ ज्यादा देर करने वाले नहीं हैं ।

अब जहां तक खानदान मुश्तरका का सवाल है उसके बारे में पंडित ठाकुर दास भार्गव की थोड़ी सी मदद चाहूंगा । खानदान मुश्तरका और एक नाबालिग़ मेम्बर का सवाल यह तो हिन्दुस्तान के एक बड़े वकील ने उठाया है । अब मैं कुछ ज्यादा कानून नहीं जानता हूं लेकिन मैं यकीन दिलाता हूं कि मैं इनको एग्ज़ेमिन करूंगा । एग्ज़ेमिन कराने के बाद अगर रूल में अमेंडमेंट की जरूरत हुई . . . . . .

पंडित ठाकुर दास भार्गव : १० बरस से यह प्राविजन फाइनेंस बिल में चली आती है और आपने भी वही किया है ।

श्री मेहर चन्द खन्ना : यह ठीक है, दुरुस्त है । लेकिन चटर्जी साहब कहते हैं उससे इसका कोई ताल्लुक नहीं पड़ता । यह एक चीज़ मैं ने आपकी सेवा में रखी थी जब आप सदर की कुर्सी पर रौनक अफ़रोज थे । वह चीज़ यह है कि मान लीजिये कि तीन भाई थे और एक भाई पाकिस्तान में आने से पहले मर गया और उसके दो या तीन नाबालिग़ बच्चे हैं । दो भाई पाकिस्तान से हिन्दुस्तान में आ गये । उनका यह ख़याल था कि यूनिट के हिसाब से तीन यूनिट हो गये यानी नाबालिग़ बच्चों का एक यूनिट । यह चीज मैं समझता हूं कुछ रीजनेबल है । इस पर अगर जरूरी हुआ तो आगे देख लिया जायेगा । लेकिन यह नहीं हो सकता कि एक भाई बदकिस्मती से उधर मर गया और उसके जो छोटे छोटे बच्चे हों तो हम उसके क्लेम को दरगुजर कर दें । यह इरादा नहीं है । अब रहा बाक़ी सवाल कि उनको आए हुये आठ बरस हो गये, क्लेम तो आज लेने लगे और इसमें तुमने नाबालिग की उम्र ले ली १४ या १५ अगस्त १९४७ की, यह कुछ नावाजिब नजर आता है । हमारा इरादा यह है कि हम इसको भी एग्ज़ेमिन करावें और देखें कि कहीं इसमें कोई खास दिक्कत पैदा तो नहीं होती । तो हमारा इरादा यह है कि २६ सपटेम्बर १९५५, जिस दिन कि क्लेम दाखिल होने की आखिरी तारीख है, उस दिन हम जो मुश्तरका खानदान हैं उसमें जो नाबालिग है कानून के लिहाज से भी नाबालिग है और फाइनेंस ऐक्ट के हिसाब से भी नाबालिग है तो वह नाबालिग ही ले लिया जाय । अगर वह बालिग है उस दिन तो हम कंसिडर करने के लिये तैयार हैं । मैं आज यह वायदा नहीं करता कि यह चीज करूंगा लेकिन इस पर हम गौर करने के लिये तैयार हैं ।

साहबे सदर जैसा कि मैंने पहले कहा था कि काफी काम हो चुका है और अभी बहुत कुछ करने को बाकी है । अभी मुझे कहने को भी बहुत कुछ बाक़ी है लेकिन इस ऐवान का मैं और ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता हूं । मैं बहुत मशकूर हूं इस ऐवान का और उन मेम्बरान का जिन्होंने कि मेरे मुताल्लिक और मेरे साथी भोंसले जी के मुताल्लिक कहा और मैं उसे बहुत हौसला अफजा समझता हूं । सिर्फ एक बात और रह गई है जिसका मैं जिक्र करना चाहता हूं और वह यह है कि किसी भाई ने, मेरे खयाल में चौधरी साहब ने, यह कहा कि बेवाओं को, यतीम बच्चों को और बीमारों को कैश मिलता था जो बन्द किया जा रहा है । उनको यह कैश मिलता रहना चाहिये । मैं अर्ज कर दूं कि यह बात ठीक है कि यतीम बच्चों की तीमारदारी करना जरा मुश्किल

[श्री मेहर चन्द खन्ना]

होता ही है और साथ ही साथ उन बेवाओं को सर छिपाने के लिये मकान खरीदना कुछ तकलीफदेह भी होता है। यह चीज हमारे सामने मौजूद है और हमने फैसला किया ह कि यह जो ८,००० की लिमिट रखी गई है यह कोई नई लिमिट नहीं है, बहुत पुरानी है।

एक बात मुझे याद आई है। कहा गया है कि एक बड़े अफसर साहब ने जो कि बहुत तेज नजर आते थे उन्होंने तसदीक करने के वक्त जो मेनटेनैंस एलाउन्स में रुपया मिलता था वह काट लिया है। मैं यह कहता हूं कि यह गलत बात है। अगर यह किया गया है तो हम उसको दुरुस्त करेंगे। मेनटेनैंस एलाउंस जो है वह गवर्नमेंट आफ इंडिया ने अपने फंड में से हमको दिया है, बतौर ग्रांट दिया है। यह शायद एक करोड़ है या ८५ लाख है या ८० लाख है मुझे ठीक तरह से याद नहीं है। शायद ८५ लाख के करीब है। जो चीज बतौर ग्रांट के मिली है और जिसका पूल से कोई ताल्लुक नहीं है वह हम उनसे वसूल नहीं करेंगे। अगर कहीं ऐसा हुआ है तो वह गलत हुआ है। अगर उनके पास कोई केस है तो वह उसे हमको भेज दें और हम देख लेंगे। आगे के लिये हम आर्डर भी जारी कर देंगे। जो रुपया मेनटेनैंस की खातिर बतौर रिलीफ मिला था उसको हम काटने वाले नहीं हैं।

Shri Gidwani: Rule No. 88......

Shri Mehr Chand Khnna: Will you let me finish?

मैं बेवाओं वगैरह की बात कर रहा था। मैं कह रहा था कि किस किस को मिलेगा :

> Cash may be paid in full upto the limit of Rs. 8,000 in the cases mentioned below:
>
> (1) Maintanance Allowance grantees,
>
> (2) inmates of homes and infirmaries,
>
> (3) cash dolees outside homes and infirmaries,
>
> (4) widows having verified claims in their own names,
>
> (5) other widows with claims in their own names,
>
> (6) minor including the minor co-sharer who is to get cash under these orders,
>
> (7) T. B. patients,
>
> (8) disabled persons. (blind and crippled) provided that such persons have had their applications for compensation registered by 31st October, 1954.

लाला अचित राम : और इनसेन के बारे में क्या हुआ।

श्री मेहर चन्द खन्ना : इसमें जरा मुश्किल आ जायेगी और इसके बारे में सोचना पड़ेगा।

Shri Nand Lal Sharma: What about non-claimant widows, helpless widows who are non-claimants, who have got no claims?

श्री मेहर चन्द खन्ना : शर्मा साहब ने सवाल किया उसका भी मैं जवाब दिये देता हूं। बात यह है कि बहुत सी चीजें गलतफहमी पर मबनी हैं। अगर हमसे पूछा जाय तो हम जवाब भी दे सकते हैं। गवर्नमेंट आफ इंडिया ने पांच छः वर्ष हुये जब से कि हिन्दुस्तान में वह भाई और बहनें जिनको कि हम विडोज कहते हैं, जिनको अनअटेच्ड वोमन कहते हैं, जिनको आरफंज कहते हैं, जिनको इनफर्म कहते हैं, उनकी तादाद जहां तक मगरिबी पाकिस्तान

का ताल्लुक है कोई ३८ या ४०,००० थी। गवर्नमेंट आफ इंडिया शुरू से लेकर आज तक उनके ऊपर एक करोड़ रुपये से ज्यादा हर साल खर्च कर रही है। इस में मशरिकी बंगाल से आये हुये भाइयों और बहिनों का जिक्र नहीं है। तो साहब उनको पहले से ही मदद मिल रही है....

श्री नन्द लाल शर्मा : मैं हार्ड फैक्ट अर्ज कर रहा हूं। मैं उसके बारे में कह रहा हूं जो कि इनफर्मरीज में नहीं रहती हैं और इनको गवर्नमेंट की तरफ से जो ५०० या ३०० रुपया बतौर लोन के दिया गया था, वह अब वसूल किया जा रहा है।

श्री मेहर चन्द खन्ना : अब ३०० रुपये की बात उन्होंने कहीं है। मेरे प्रेडिसेसर ने कोई एक बरस हुआ इसी ऐवान में एलान किया था, शायद उस रोज मेरे दोस्त यहां पर नहीं थे या कहीं चले गये थे। उन्होंने ऐलान किया था कि जहां तक स्माल लोन्स का ताल्लुक है वह मुआफ हो चुके हैं। जहां तक नान क्लेमेंट्स का ताल्लुक है उनसे भी कोई लेने वाला नहीं है। यह बात अगर अपने भाई से जो उधर बैठा हुआ है पूछते तो शायद वह भी आपको बतला देता।

तो मैं यह अर्ज कर रहा था और मैं ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता, सिर्फ इतना ही कहे देना चाहता हूं कि हम जो कुछ भी कर सकते हैं हम कर रहे हैं और हम से जो कुछ भी होगा हम करेंगे। हमारी कोशिश यह होगी कि जैसे कि मैंने कल कहा था कि जितनी भी जल्दी हो सके, दुखी से दुखी भाई को जहां तक उसको रिलीफ देने का ताल्लुक है, जहां तक उसको रिहैबिलिटेट करने का ताल्लुक है और जहां तक कम्पेनसेशन देने का ताल्लुक है, इन सब चीजों की मंजिले मक़सूद तक पहुंचाने का तरद्दुद करें।

श्री गिडवानी : एक बात रह गई है। मैं ने उसका जिक्र किया था कि अपील की जो मुद्दत है वह खत्म हो चुकी है और इसके बारे में जो रूल है वह रूल १०८ जो कि इस तरह से है :

"Any order relating to the payment of compensation made before the commencement of these rules shall be subject to appeal revision or review in the same manner as a similar order made after such commencement:

Provided that in the case of any such order the period of thirty days provided in this Chapter shall be computed from the commencement of these rules."

तीन महीने खत्म हो गये हैं और मैं चाहता हूं कि इस तारीख को दिसम्बर तक बढ़ा दिया जाये। अगर ऐसा न किया गया तो लोगों को बहुत बड़ी तकलीफ होगी।

श्री मेहर चन्द खन्ना : मैं चाहता हूं कि आप समझ लें कि चीज क्या है। । चीज यह है कि आप फर्मा रहे हैं कि हमने ऐलान किया है ऐक्ट की रू से और हमारे ऊपर इनकम्बेंट भी था कि जून से पहले पहले उन भाइयों और बहिनों से जिनकी तादाद शायद ढाई लाख के क़रीब है, एप्लीकेशंज मंगाई जायें। हमने ऐलान किया और उनको तीन महीने का मौका दिया और वह तीन महीनें २६ सितम्बर, १९५५ को, यानी थोड़े दिनों के बाद खत्म होते हैं। आप यह फर्मा रहे हैं कि जो भाई कम्पेन्सेशन की अर्जियां २६ सितम्बर तक नहीं दे सकेंगे उन के बारे में अभी से ही ऐलान कर दिया जायेगा। मैं इसके मुताल्लिक फिर सोचूंगा। एक तरफ तो आप चाहते हैं कि प्राबलम डेफ़ीनेट हो और काम्पेन्सेशन दिया जाय और दूसरी तरफ आप प्राबलम को इतना इनडेफ़ीनेट और वेग रखना चाहते हैं।

4 P.M.

Mr. Chairman: One point will have to be cleared. Is it the question of extension of time? I think these rules do not bar the Ministry to extend the time. So, that point need not be raised now when we are amending the rules. Any case of hardship may be represented to the hon. Minister.

Shri Mehr Chand Khanna: These rules will not bar the Settlement Commissioner from considering any application, if he wishes to. But if I am asked to make a general statement that I am extending the time beyond a certain date upto a certain limit, I do not consider it advisable at this stage.

Mr. Chairman: That is what I was saying.

Shri Radha Raman: I would request the hon. Minister to clarify one other point. Dr. Satyawadi and myself had raised that point, namely that the non-displaced persons in the evacuee property should be given some sort of assurance that they will not be displaced on account of the policy embodied in the rules.

श्री मेहर चन्द खन्ना : जनाब, यह सवाल एक छोटा सा सवाल नहीं है। मैं दो मिनट में इसका जवाब देने की कोशिश करूंगा।

यह एक बड़ा भारी सवाल है। यहां हमारे पास ढाई लाख के करीब निकासी मकान हैं, कोई पच्चीस, तीस हजार के करीब निकासी दुकानें हैं। इस तरह कम से कम दो लाख और सत्तर, अस्सी हजार दुकानों और मकानों का सवाल बन जाता है। उसमें से लोकल भाइयों क पास, अगर आप २५ परसेंट—एक चौथाई—भी ले लें, कम से कम साठ सत्तर हजार मकान या दुकानें बन जाती हैं। आज वे भाई किरायेदार हैं। वे भाई उस दीन मुहम्मद के किरायेदार हैं, जो पाकिस्तान जा चुका है। वे उन मकानों या दुकानों के मालिक नहीं थे। अगर मालिक होते, तो वह प्रापर्टी इवैकुई डिक्लेयर ही न होते—वे हिन्दुस्तान के नैशनल होते। यह इवैकुई जायदाद है और वे उसके शुरू से ही टेनेन्ट रहे हैं और हैं। सवाल यह पैदा होता है कि जहां पहले वे एक मुसलमान भाई के टेनेन्ट थे, जो कि पाकिस्तान जा चुका है, वहां अब वे उस हिन्दुस्तानी के टेनेन्ट बन जायेंगे, जो कि उस जायदाद को खरीदेगा। श्री राधा रमण और दूसरे दोस्तों ने यह तजवीज़ पेश की है कि नीलामी से पहले उनको इस बात की इजाजत दी जाय कि वह रिज़र्व प्राइस पर मालिक बन सकें। मुझे उनके साथ मुकम्मल हमदर्दी है, लेकिन मेरे लिए इस वक्त यह एलान कर देना जरा आसान नहीं है, फिर भी मैं इस ऐवान को यह तसल्ली दिलाना चाहता हूं कि इस सवाल को भी हम देखेंगे, एग्ज़ामिन करायेंगे। अगर्चे मैं इस वक्त कोई कमिटमेंट नहीं दे सकता हूं, लेकिन एग्ज़ामिन ज़रूर कराऊंगा।

Shri Nand Lal Sharma: May I put one question to the hon. Minister?

Mr. Chairman: You have already asked one question.

Shri Mehr Chand Khanna: I do not propose to answer any more questions now.

Shri Nand Lal Sharma: The residents of Rajindernagar colony are still not sure as to their fortune or fate. I want to know whether the residence in that colony will be demolished or not.

Shri V. G. Deshpande: This should be answered.

Shri P. N. Rajabhoj: What about Ganganagar colony?

Mr. Chairman: Now, I shall put the motions to vote.

Government have intimated that they are accepting motions Nos. 211 to 224. I shall first put these motions to vote.

The question is:

This House resolves that in pursuance of sub-section (3) of section 40 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954, the following be added after sub-rule (3) of rule 17 of the Displaced Persons Compensation and Rehabilitation Rules, 1955, laid on the Table on the 16th August, 1955, namely:—

"Provided that nothing in this sub-rule shall apply where any such person purchases any property forming part of the compensation pool in which case the purchase price may be adjusted against the compensation payable to him in accordance with these rules, nothwithstanding that the amount to be adjusted exceeds fifty thousand rupees.

Explanation.—In its application to Hindu undivided family, the limit of fifty thousand rupees shall apply to each share referred to in sub-rule (2) of rule 19."

This House recommends to Rajya Sabha that Rajya Sabha do concur in the said resolution.

The motion was adopted.

Mr. Chairman: The question is:

This House resolves that in pursuance of sub-section (3) of section 40 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954, the following amendments be made in rule 19 of the Displaced Persons Compensation and Rehabilitation Rules, 1955, laid on the Table on the 16th August, 1955, namely:

(i) *after* sub-rule (2), *insert*:

"(2A) Notwithstanding anything contained in sub-rule (2), where a deceased member of a Joint Hindu Family has left sons all of whom are less than eighteen years of age, such sons shall, for the purpose of computation of compensation, be reckoned as one member of the family."

(ii) *after Explanation II, add*:

"*Explanation III.*—For the purposes of this rule, the question whether a person is less than eighteen years of age, shall be determined with reference to the date 26th September, 1955."

This House recommends to Rajya Sabha that Rajya Sabha do concur in the said resolution.

The motion was adopted.

Mr. Chairman: The question is:

This House resolves that in pursuance of sub-section (3) of section 40 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954, the following amendments be made in sub-rule (1) of rule 22 of the Displaced Persons Compensation and Rehabilitation Rules, 1955, laid on the Table on the 16th August, 1955, namely:

(i) in clause (a), *for* "five thousand rupees" *substitute* "ten thousand rupees"; and

(i) in clause (b)—

(a) *omit* "in a rural area or in a town other than those mentioned in Appendix X"; and

(b) *for* "two thousand rupees" *substitute* "ten thousand rupees".

This House recomends to Rajya Sabha that Rajya Sabha do concur in the said resolution.

The motion was adopted.

Mr. Chairman: The question is:

This House resolves that in pursuance of sub-section (3) of section 40 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954, the following be substituted for sub-rule (2) of rule 25 of the Displaced Persons Compensation and

[Mr. Chairman]

Rehabilitation Rules, 1955, laid on the Table on the 16th August, 1955, namely:

"(2) Where the value of the property exceeds the net amount of compensation payable to the applicant, the applicant shall be required to pay the balance—

(a) in one lump sum;

(b) in instalments, as follows:

(i) In the case of property other than an industrial concern—

(a) Where the value of the property does not exceed, in the case of a shop in a rural area or in a town other than those mentioned in Appendix X, two thousand rupees and in the case of any other property five thousand rupees in four equal annual instalments.

(b) Where the value of the property exceeds the limits specified in clause (a), or where the property consists of a shop situated in a town specified in Appendix X, in two equal annual instalments.

(ii) In the case of an industrial concern, in instalments spread over a period not exceeding two and a half years, or

(c) by adjustment against compensation payable in respect of the verified claim of any other person."

This House recommends to Rajya Sabha that Rajya Sabha do concur in the said resolution.

The motion was adopted.

Mr. Chairman: The question is:

This House resolves that in pursuance of sub-section (3) of section 40 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954, the following be substituted for clause (ii) of rule 26 of the Displaced Persons Compensation and Rehabilitation Rules, 1955, laid on the Table on the 16th August, 1955, namely:

"(ii) in the case of any other property—

(a) where the value of the property does not exceed in the case of a shop in a rural area or in a town other than those mentioned in Appendix X two thousand rupees and in the case of any other property five thousand rupees, if he pays at once 20 per cent. of the value thereof and agrees to pay the balance in four equal annual instalment from the date of the initial payment.

(b) where the value of the property exceeds the limits specified in clause (a) or where the property consists of a shop situated in a town specified in Appendix X, if he pays at once not less than 33—1|3 per cent. of the value of the property and agrees to pay the balance in two equal annual instalments from the date of the initial payment."

This House recommends to Rajya Sabha that Rajya Sabha do concur in the said resolution.

The motion was adopted.

Mr. Chairman: The question is:

This House resolves that in pursuance of sub-section (3) of section 40 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954, the following amendments be made in rule 36 of the Displaced Persons Compensation and Rehabilitation Rules, 1955, laid on the Table on the 16th August, 1955, namely:

(i) in clause (a), *for* "Rs. 5,000/-" *substitute* "Rs. 10,000/-"; and

(ii) *for* clause (b), *substitute*:

"(b) every Government-built shop valued at Rs. 10,000|- or less."

This House recommends to Rajya Sabha that Rajya Sabha do concur in the said resolution.

The motion was adopted.

Mr. Chairman: The question is:

This House resolves that in pursuance of sub-section (3) of section 40

of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954, the following amendments be made in rule 41 of the Displaced Persons Compensation and Rehabilitation Rules, 1955, laid on the Table on the 16th August, 1955, namely:—

(i) *before* the existing proviso to sub-rule (1), *adds*:

"Provided that where the value of the property exceeds in the case of a shop in a rural area or in a town other than those mentioned in Appendix X two thousand rupees and in the case of any other property five thousand rupees and such value is covered by the amount of net compensation payable to such person to the extent of 33-1|3 per cent. of the value of the property.";

(ii) in the existing proviso to sub-rule (1), *for* "Provided that" *substitute*:

"Provided further that where the provisions of the preceding proviso do not apply"; and

(iii) in sub-rule (2), *for* "shall be payable in four equal annual instalments" *substitute*:

"shall be payable—

